# पत्नी एवं बच्चों ने मिल कर की पिता की हत्या, शव कुंए में फेका

## घर की महिलाओं पर मृतक करता था गंदी हरकत, निवास पुलिस ने किया खुलासा

**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास चौकी के महुआ गांव में बीते 1 दिसंबर को सुबह एक शासकीय कुएं में एक अधेड़ का हाथ पैर बंधा हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामला संदिग्ध होने पर जांच पड़ताल में जुट गई थी। आखिर कार पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए पड़ताल शुरू की तो पता चला कि पत्नी और दोनों बच्चों ने पिता की हत्या कर दी है। मृतक घर की महिलाओं पर गंदी नियत रखता था और घर की महिलाएं इससे काफी परेशान रहती थी जिसके चलते परिवार के सदस्यों ने ही हत्या कर दी।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के कुशल निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शेषमणि पटेल एवं चौकी प्रभारी उप निरी. मनोज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अंधी हत्या करने वाले आरोपियों को निवास पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



जानकारी मे बताया गया कि बीते 2 दिसम्बर को सुचनाकर्ता हरिलाल प्रजापति पिता स्व रिचकई प्रजापति सा. महुआगांव का चौकी निवास में उपस्थित आकर सुचना दिया की मेरे चाचा भैयालाल प्रजापति 1 दिसम्बर को 8 बजे शाम गांव तरफ झाड फूक करने गये थे जो रात मे घर वापस नही आये। सुबह समय पता तलाश किये तो घर के पास शासकिय कुआ में लाश पानी में डूबी दिखी है। उनकी मृत्यु हो गई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही की गई शव निरीक्षण व घटनास्थल निरीक्षण आदि से मृतक का शव कुये मे हाथ पैर बंधा मिलने पर व डाक्टर द्वारा प्राप्त पीएम रिपोर्ट अवलोकन करने पर मृतक की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करना पाये जाने पर चौकी निवास थाना सरई में अपराध क्र. 1111/24 धारा 103(1), 238 बी.एन.एस कायम कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना अंधी हत्या होने से पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक सिंगरौली एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के लगातार दिशा निर्देश पर टीम प्रभारी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी राहुल कुमार सैयाम अनुभाग देवसर द्वारा मय टीम के पता तलाश पूछताछ विवेचना आदि से मृतक के घर के सदस्यो द्वारा ही हत्या कर कुये में फेकना प्रतीत होने पर मृतक के पत्नी जयमतिया प्रजापति पुत्र बुध्दसेन प्रजापति रामरहीश प्रजापति व घरवालो से पूछताछ पर पाया गया की मृतक भैयालाल प्रजापति की हत्या कर हाथ पैर बांधकर मृतक के पत्नी एवं दोनो पुत्रो द्वारा कुये मे डाला गया है।

आरोपीया व आरोपी गणो का कथन लेने पर बताये की मृतक की पत्नी जयमतिया प्रजापति को बच्चेदानी मे समस्या थी। जिससे मृतक घर कि अन्य महिलाओ पर गलत नियत रखता था। अवैध संबंध बनाना चाहता था। बीते 1 दिसम्बर को मृतक शराब पीकर आया एवं गलत नियत से पकड़ने लगा। मृतक की पत्नी जयमतिया प्रजापति एवं पुत्र बुध्दसेन प्रजापति रामरहौश प्रजापति विरोध किये तब मृतक के पुत्रो ने मृतक के हाथ पैर पकडकर एवं पत्नी जयमतिया प्रजापति पास में रखे सफेद गमछा से मुह और गला दवाकर हत्या किये तथा बडा लडका बुध्दसेन प्रजापति मृतक के पैन्ट से पैर बांधा व पत्नी जयमतिया प्रजापति सफेद गमछा से हाथ बांधी रात्रि में 2 बजे सुनसान देखकर अंधेरा का फायदा उठाकर घर से कुछ दूरी पर शासकीय कुये में हाथ पैर बांधकर मृतक को फेक दिये एव मृतक की स्वेटर व जूता व चूने की डिब्बी कुये के पास रख दिये थे उक्त आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय सरई पेश किया गया है। जहां से न्यायिक अभिरक्षा मे जिला जेल पचौर भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवसर राहुल कुमार सैयाम, थाना प्रभारी सरई शेषमणि पटेल,चौकी प्रभारी निवास उप. निरी मनोज सिंह, चौकी प्रभारी निगरी उनि विनय शुक्ला ,उप निरी प्रियंका सिंह, सउनि दीपनारायण, सउनि त्रिवेणी पाल, सउनि सुर्जन सिंह, प्रआर ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रआर अमरजीत पाल, भगवानदीन सिंह, आर. प्रभात कुमार दुबे, बबलू यादव, नीरज सिंह, बिट्टू सिह, अमित कुमार, रविराज सिंह, मोहित सिंह, प्रवीण पाण्डेय चौकी निवास का सराहनीय योगदान रहा।

# हमारी सरकार शिक्षा के साथ सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित: विश्वामित्र

**सिंगरौली।** प्रदेश सरकार विद्यालयों में विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिले एवं विद्यालयों में पठन पाठन, विद्यार्थियों को घर से विद्यालय आने जाने एवं बेहतर शिक्षा के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं कर रही है। हमारी सरकार शिक्षा के साथ सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उक्त आशय के विचार मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने शा. उत्कृष्ट उच्च.मा.वि. देवसर एवं हाई स्कूल अंतरवा, खधौली एवं कुर्सा में आयोजित निःशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। शा उत्कृष्ट उच्च.मा.वि. देवसर एवं अन्य विद्यालयों में सायकल वितरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विद्यालय के प्राचार्यों द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं की कक्षावार जानकारी एवं सायकल वितरण की जानकारी दी गई तथा विद्यालय में आवश्यक कार्यों मांगो से अवगत कराया। क्षेत्रीय विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मां. डॉ मोहन यादव प्रदेश के सभी विद्यालयों में अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।



भाजपा की डबल इंजन की सरकार शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उत्कृष्ट विद्यालय को सीएम राइज विद्यालय की स्वीकृति मिल चुकी है स्थल चयन के पश्चात लगभग 36 करोड़ की लागत से विद्यालय भवन का निर्माण होने की जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को सुगमता से गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन,पाठ्य पुस्तक सायकल से लेकर आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध कराएं जाएंगे। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को सावधानी से सायकल चलाने की एवं अच्छे से पठन पाठन करने की सलाह दी। विद्यालय की आवश्यकताओं /मांगो के संबंध में मुख्य अतिथि ने सायकल स्टैंड, वाटरकूलर, अतिरिक्त कक्ष, विद्यालयों के उन्नयन सहित सभी आवश्यक मांगो को पूरा कराने का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री सड़क से हाई स्कूल खधौली होते हुए माध्यमिक शाला तक पीसीसी कार्य एवं वाटर कूलर के लिए रु 5.00 लाख एवं हाई स्कूल कुर्सा में मैदान समतलीकरण सायकल स्टैंड तथा वाटर कूलर के लिए 5 लाख स्वीकृत कराने की घोषणा की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से माइकल तिर्की प्रभारी एसडीएम देवसर संजीव तिवारी सीईओ ज.प.देवसर, सुखदेव सिंह बीईओ, धनराज सिंह बीआरसीसी, राजेंद्र द्विवेदी बीपीओ, लाला सिंह प्राचार्य, डॉ.शिवार्चन शुक्ला प्राचार्य, छोटेलाल सिंह प्राचार्य, श्यामलाल प्रजापति प्राचार्य, हीरामणि प्रजापति, बलिराम शाहू, छोटेलाल गुर्जर, रंगलाल प्रजापति देव प्रताप सिंह, विद्यालय के शिक्षकगण, गणमान्य जन तथा बड़ी संख्या मे विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### नगर निगम आयुक्त ने किया सिवरेज निर्माण कार्य का निरीक्षण

# सिवरेज निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कर जनता को मुहैया कराये सुविधा: डीके



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा आज अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत वार्ड क्रमांक 32 में चल रहे सिवरेज निर्माण कार्य सड़क रेस्ट्रोरेशन एवं नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। नगर निगम आयुक्त के द्वारा सिवरेज निर्माण कार्य में लगी एजेंसी के संविदाकार को निर्देश दिया गया कि सिवरेज पाईप लाईन बिछाने के कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करे। साथ सिवरेज निर्माण के पश्चात क्षतिग्रस्त सड़को का मरम्मत कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ कराये ताकि आज जनता की किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। इसके अलावा भी निगमायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त बेरिकेट्स लगाये जाये इसके अलावा कार्य स्थल पर कार्य प्रारंभ दिनांक कार्य पूर्णता दिनांक कम्पनी का नाम कार्य का विवरण आदि आंकित कराये। रिस्टोरेशन कार्य के निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देशित किया कि रिस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो इसका वशेष ध्यान रखा जाये। निगमायुक्त ने एसटीपी का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री अलोक टीरू, उपयंत्री विष्णुपाल सिंह सहित संविदाकार उपस्थित रहे।

# हिंडालको महान की मानसी महिला मंडल ने बम्हनी में आदिवासी छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग एवं चॉकलेट का किया वितरण

**सिंगरौली।** हिंडालको महान के सीएसआर विभाग और मानसी महिला मंडल ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुये,ग्राम बम्हनी में, हिंडालको महान के सीएसआर विभाग और मानसी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बम्हनी के 100 आदिवासी छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग और चॉकलेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में मानसी महिला मंडल की अध्यक्षा प्रिया सेन्थिलनाथ ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा शिक्षा ही वह माध्यम है जो किसी भी व्यक्ति को आत्मनिर्भर और सशक्त



बना सकता है। यह केवल व्यक्तिगत विकास ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए भी अनिवार्य है। बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जाना चाहिए और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। महिला मंडल की सक्रिय सदस्य श्रद्धा मिश्रा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो हर चुनौती को पार करने की ताकत देता है। आज के बच्चे कल के भविष्य हैं, और शिक्षा के माध्यम से ही वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।इस अवसर पर मानसी महिला मंडल की अन्य सदस्याएँ, कादम्बिनी नायक, जीनू पाठक, महुआ मित्रा, सुमन सिंह, आरती सिंह, हेमा सिंह, कुसुम द्विवेदी, रचना कुशवाहा, और फूल कली शामिल थीं, कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। महिला मंडल ने बच्चों को यह संदेश दिया कि शिक्षा न केवल उनके लिए, बल्कि उनके परिवार और समुदाय के लिए भी परिवर्तन का साधन बन सकती है। हिंडालको महान के सीएसआर विभाग और मानसी महिला मंडल के इस प्रयास की स्थानीय स्तर पर सराहना की गई। ग्रामीणों ने इस पहल को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## शहर की यातायात व्यवस्था बनाने हेतु हटाया गया अतिक्रमण

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदशन एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव पीएस परस्ते सीएसपी विन्ध्यनगर के निर्देशन में जगह-जगह जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम, एवं यातायात नियमों की जागरुकता हेतु लगातार यातायात प्रर्वतन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तारतम्य में आज शनिवार को थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी के द्वारा नगर निगम सिंगरौली के अतिक्रमण दस्ता एवं थाना यातायात एवं बैढ़न के द्वारा संयुक्त रूप से शहर के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटवाया गया एवं सभी को हिदायत दी गई की नगर निगम द्वारा निर्धारित जगह पर ही अपनी दुकानों को लगे फल मंडी में केवल फल लगे चौपाटी में अन्य खाने पीने वाली सामग्री की दुकान एवं ऑटो चालकों को समझाइए दिया गया की ऑटो स्टैंड में ही ऑटो को खड़ा करें बस स्टैंड में ऑटो लेकर न जाए।

# विधायक एवं कलेक्टर ने सौ दिवसीय नि:क्षय अभियान का किया शुभारंभ

## नि:क्षय वाहन को हरी झण्डी दिखाकर पंचायतो की ओर किया रवाना

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय क्षय उन्मलन कार्यक्रम अंतर्गत सौ दिवसीय नि:क्षय शिविर अभियान का शुभारंभ जिला ट्रामा सेंटर के सभागार में सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह के मुख्य अतिथि में एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के गरिमामय उपस्थिति सम्पन्न हुआ। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये विधायक सिंगरौली ने कहा कि टीबी हारेगा देश जीतेगा इस अभियान में हम सभी को बड़चड़कर हिस्सेदारी निभानी होगी ताकि आने वाले समय पर अपने गाव को आपके ग्राम



पंचायत को एवं जिलें को टीबी जैसी बिमारी से मुक्त किया जा सके। वही कलेक्टर श्री शुक्ला ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सभी विभागो बताया गया कि इस अभियान को सफल बनाने में सभी विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसमें पंचायत विभाग महिला बाल विकास एवं स्वयंसेवी संस्थाएं शामिल हैं। अगर गांव में टीवी के संभावित रोगियों को जल्द से जल्द चिन्हित कर उन्हें जांच केंद्र तक पहुंचाया जा सके तो उन्हें तुरंत उपचार मिल सकता है। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में टीबी हारेगा देश जीतेगा से शुरुआत करते हुए कहा कि सभी लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाए ताकि आने वाले समय में आपके गांव को आपके ग्राम पंचायत को और सिंगरौली को टीबी जैसी बीमारी से मुक्त किया जा सके। तत्पश्चात नि:क्षय वाहन को हरी झण्डी दिखाकर पंचायतो की ओर रवाना किया गया। तत्पश्चात औषधि केन्द्र करते हुये दवाई के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एनके जैन, प्राधिकरण के पूर्व उपध्यक्ष नरेश शाह, पार्षद संतोष शाह, सुन्दर शाह, डॉ. कल्पना रवि, डॉ. विशेष सिंह, डॉ बालेन्दु शाह, आशीष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करते हुयें महिला को स्वीकृत की आर्थिक सहायता राशि

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के पास एक विधवा महिला पूनम सिंह पति स्वर्गीय धजमन सिंह ग्राम पतेरी तहसील दुधमनिया चितरंगी क्षेत्रांतर्गत की अपने मासूम बच्चो के साथ इस आशय का आवेदन लेकर पहुची की मेरे पति की विगत दिनो हत्या कर दी गई थी। मै गरीब हू अभी तक मुझे आर्थिक सहायता राशि प्राप्त नही हुई है। कलेक्टर ने उक्त आवेदन को गंभीरता पूर्वक लेते हुयें दो दिवस के अंदर महिला को आर्थिक सहायता राशि देने एवं उसके मासूम बच्चो को विद्यालय में प्रवेश दिलाकर छात्रावास में रहने की व्यवस्था करने के साथ ही छात्रवृत्ति जारी करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिया गया। वही कलेक्टर के द्वारा छोटे बच्चे को बैठाकर उनका नाम पूछने के साथ ही उन्हे विद्यालय जाने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## उपार्जन केन्द्रो में अवैध परिवहन एवं समर्थन मूल्य पर अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु सीमावर्ती क्षेत्रो में नियुक्त किये गये कर्मचारी

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल से जारी उपार्जन नीति अनुसार खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज ज्वार, बाजरा का उपार्जन दिनांक 20 जनवरी 2025 तक किया जाना है। खरीफ उपार्जन नीति 2024-25 की कण्डिका 19.3 के तहत सीमावर्ती राज्यो उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से जिले में धान एवं मोटा अनाज का उपार्जन केन्द्रो में अवैध परिवहन एवं समर्थन मूल्य पर अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश के परिपालन में सीमावर्ती क्षेत्रो में स्थापित चेकपोस्टों मे वन विभाग, कृषि उपज मण्डी एवं कृषि विकास विभाग के कर्मचारियो की ड्यूटी उपार्जन अवधि तक निम्नानुसार लगाई जाती है ।जिसके तहत बीजपुर मार्ग वन बैरिया बलसोता में मथुरा सिंह धर्वु आरएईओ, यशपाल सिंह वन रंक्षक, रामायण प्रसाद गुप्ता वन विभाग,सुरूज पुर एवं बिरसिंह पुर वन बैरियर झांझी में संतोष कुमार शुक्ला स्थायीकर्मी वन विभाग, रामसजीवन पटेल वनरक्षक, वन विभाग, मोहम्मद फरियाद खान सहा.उप.निरी. मण्डी, बैढन शक्तिनगर मार्ग वन वैरियर जयंत सच्चितानंद पाण्डेय स्थायीकर्मी वन विभाग, यज्ञभान तिवारी वनरक्षक, वन विभाग, वाल्मीक प्रजापति आरएईओ, मोरवा से अनपरा मार्ग वन बैरियर खनहना संजीव कुमार गौतम सहा.उप.निरी. मण्डी, अशोक चौहान आरएईओ, दिवाकर सिंह वनरक्षक, वन विभाग को तैनात किया गया है।इसी तरह से जिले के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रो में अवैध परिवहन एवं धान बिक्री को रोकने के लिए चेकपोस्ट बनाये गये है।

# शांतिधाम में नारी शक्ति का वर्तमान एवं भविष्य पर गोष्ठी आज

## कलम परिवार के सदस्य करेगे सहभागिता, होगा सबका अभिनंदन

**रीवा।** प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रदेश कला-संस्कृति प्रभाग म0प्र0 की प्रमुख संयोजिका राजयोगिनी बी.के.निर्मला के आर्शीवाद एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 08 दिसम्बर को सायं 03:00 बजे से 06:00 बजे तक शांतिधाम रीवा में ''नारी शक्ति का वर्तमान एवं भविष्य'' विषय पर सारगर्भित विचार विमर्श किया जायेगा। साथ ही सहयोगी विंध्य काव्य-साहित्य परिषद ''कलम परिवार'' के रचनाकार सदस्यो द्वारा सरस काव्य गोष्ठी में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई जायेगी। इस अवसर पर सभी अतिथि साहित्यकारो का अभिनंदन आयोजक मंडल द्वारा किया जायेगा, यह जानकारी संयोजक द्वय बीके प्रकाश एवं कलम परिवार के अध्यक्ष गुरू नागेन्द्र मिश्रा ''मणि'' ने दी है कि कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली तिवारी करेगी।

**कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली तिवारी करेगी**

कार्यक्रम संयोजक श्री प्रकाश ने बताया कि इस वैचारिक आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि हिन्दू धर्म परिषद की संरक्षक सदस्य एवं वरिष्ठ कवयित्री डॉ0 रश्मी शुक्ला होगी। अध्यक्षता कलम परिवार की कार्यकारी अध्यक्ष ममता नागेन्द्र सिंह करेगी। महिला थाना प्रभारी श्रीमती निशा मिश्रा, और कलम परिवार की मार्गर्शक डॉ0 आरती तिवारी एवं सहसचिव डॉ0 गीता शुक्ला ''गीत'' विशिष्ट अतिथि रहेगी। साथ ही कलम परिवार के सभी आमंत्रित सदस्य सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगे।

प्रथम सत्र में विचार विमर्श गोष्ठी के बाद द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें नगर के नामचीन कवि-शायर एवं कवयित्रियाँ अपना रचना पाठ करेगे। सभी सुधीजनो से समय पर पधार कर अनुग्रहीत किये जाने कार्यक्रम सफल कराने का आग्रह आयोजक मंडल ने किया है।

# शासकीय विद्यालय के 16 बच्चे और एक शिक्षका एक साथ हुए बीमार

## कलेक्टर व चिकित्सकों ने फूड प्वाइजनिंग से किया इंकार कहा डर गए बच्चें, सवाल यह है कि क्या शिक्षक भी डरे

**सिंगरौली।** जिले के विकासखंड बैढ़न के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपराछापी में आज शनिवार छात्र 16 छात्र-छात्राएं वही एक शिक्षका की तबियत बिगड़ने के बाद प्रशासनिक महक में हड़कंप मच गया। बीमार सभी बच्चों सहित शिक्षिका को जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में लाया गया जहां मौके पर प्रशासनिक अमला पहुंचकर मोर्चा सभाल लिया।

मिली जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपराछापी में फूड प्वाइजनिंग से 16 छात्र-छात्राओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत पर चिकित्सकों की





टीम नजर बनाए हुए है। कुछ बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इन छात्रों ने दोपहर में मध्यान भोजन में दाल-चावल और सब्जी खाई थी, जिसके बाद उनके शरीर में दर्द और अन्य लक्षण दिखाई दिए। सबसे ज्यादा प्रभावित कक्षा 8 के छात्र-छात्राएं रहे। बीमार छात्रों को शिक्षकों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल सह ट्रामा में भर्ती कराया। हालांकि जिला प्रशासन फूड प्वाइजनिंग से साफ इनकार किया है। बच्चों के जिला अस्पताल पहुंचते ही देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, एसडीएम सृजन वर्मा और अन्य प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए और स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार भी मौके पर पहुंचे और हालातो को संभाला । प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं, ताकि वास्तविक वजह का पता चल सके। लेकिन इस बीच कई बच्चों के अभिभावक भी जिला अस्पताल पहुंच गए। और बताया कि स्कूल में मध्यान भोजन गुणवत्ता युक्त नहीं होता है। मध्यान भोजन बनाने वाले समूह को बदल देना चाहिए। वह मनमानी कर रहा है। संभवत मध्यान भोजन में गड़बड़ी के चलते ही बच्चों की तबीयत बिगड़ी है।

### इन बच्चों की बिगड़ी तबीयत

निशा सोनी, मानसी यादव, राकेश खैरवार, कृष्णा कहार, अमित शर्मा, जरीना खातून, प्रियंका, आरती सिंह, रानी वर्मा, निवकी बसोर, नव्या साकेत, उदय कुमार शर्मा, नीलम बसोर, सोनम बैस ,चाहत सिह, कृष्णदेव शर्मा सहित शिक्षका शालू सिंह बैस कि अचानक तबियत बिगड़ गई। जिनका इलाज जिला चिकित्सालय शाह ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

### इनका कहना है

पहले कुछ बच्चों को चक्कर आया, मनोविज्ञान की तरह उनके मन में कुछ भ्रम फैला हुआ है, बच्चों का इलाज शुरू है और एक-दो घंटे में सब ठीक हो जाएंगे। फूड प्वाइजनिंग जैसे कोई लक्षण नहीं है, कई बच्चे खाना खाए वह स्वस्थ है।

**चंद्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर सिंगरौली**

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से होगा समग्र विकास : विधायक

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत हड़बड़ो में जनकल्याण समस्या निवारण शिविर आयोजित




**सीधी।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश के 51 जिलों में किया जा रहा है। उक्त अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत हड़बड़ो में जनकल्याण समस्या निवारण शिविर विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार प्रदेश के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है। प्रदेश में सभी वर्गों के विकास और कल्याण के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक सुनिश्चित करने लगातार ग्राम पंचायत स्तर तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि जनकल्याण समस्या निवारण शिविर के माध्यम से शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हैं। साथ ही योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उन्हें लाभान्वित करने का प्रयास किया जाता है। विधायक ने इन शिविरों का लाभ लेने तथा शासन की जनहितैषी योजनाओं के प्रति जागरूक रहकर उनके माध्यम से अपने जीवन और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ग्राम वासियों को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि आवास योजना अंतर्गत सबको पक्के मकान, हर घर बिजली कनेक्शन, सबको पाइप लाइन के माध्यम से नल से शुद्ध एवं स्वच्छ जल प्राप्त हो, बीमारी के समय इलाज के लिए अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ता था इसलिए शासन द्वारा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सुचारू रूप से इलाज की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को धुएं में खाना बनाने एवं बरसात में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था उसके लिए उज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन दिया गया है। सरकार महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु कई योजनाओं का संचालन कर रही है जिसका लाभ सभी आगे बढ़कर लें और देश के विकास में अपना योगदान दें। लाडली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं में आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति हुई है, समाज में सम्मान बढ़ा है।

विधायक ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लक्ष्य भारत सरकार के 18 मंत्रालयों द्वारा परिपूर्णता और आउटरीच द्वारा कार्यान्वित 25 प्रयासों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण कमियों को खत्म करना और जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ अभियान का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनजाति वर्ग के हर पात्र व्यक्ति को मिले।

उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, जनपद सदस्य दीपक पनिका, सरपंच सुधा गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, सहायक आयुक्त डॉ डीके द्विवेदी, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी, अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के लेबर बजट के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**सीधी।** भारत शासन एवं राज्य रोजगार गारंटी परिषद् भोपाल के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के वार्षिक लेबर बजट एवं वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार 05 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सीधी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सीधी, उपसंचालक कृषि/उद्यानिकी विभाग सीधी, अशोक कुमार शुक्ला प्रभारी अधिकारी लेखाधिकारी मनरेगा, पुष्पेन्द्र सिंह जिला प्रबंधक म.प्र.डे-आजीविका मिशन सीधी, दीपक अहिरवार परियोजना अधिकारी पी.एम.कृषि सिचाई योजना जिला पंचायत सीधी के साथ समस्त जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, अति. कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, उपयंत्री तथा चयनित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित हुए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए लेबर बजट एवं वार्षिक कार्ययोजना की तैयारी के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बताया गया कि लेबर बजट एवं कार्ययोजना बनाते समय यह आंकलन किया जाना आवश्यक है कि संबंधित ग्राम पंचायत में पूर्व से चल रहे निर्माण कार्यों में से कितने कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण हो जायेंगे तथा शेष बचे निर्माण कार्यो में कितने मानव दिवस आगामी वित्तीय वर्ष में सृजित होंगे। इसके पश्चात संबंधित ग्रामपंचायत का वाक सर्वे किया जाये जिससे यह ज्ञात हो सके कि उस ग्राम पंचायत में कौन कौन से कार्य लिए जाना आवश्यक है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस बार वास्तविक वार्षिक कार्ययोजना बनाई जाये क्योंकि इस बार वार्षिक कार्ययोजना फ्रीज हो जावेगी तथा फिर नवीन कार्य शामिल नहीं किये जा सकेंगें। इसलिए सभी सहायक यंत्री, अति. काय. अधिकारी एवं उपयंत्री स्थल भ्रमण करके ही नवीन कार्ययोजना एवं लेबर बजट तैयार करें। सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि इस वर्ष राज्य आयुक्त रोजगार गारंटी परिषद भोपाल के समन्वय से उनके द्वारा एक नवीन साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है जिसमें पूर्व से प्रगतिरत कार्यों सृजित होने वाले मानव दिवस गणना तथा नवीन चयनित कार्यो की मात्र संख्या इनपुट करने से ही उस कार्य में सृजित होने वाले मानव दिवस तथा मजदूरी सामग्री अनुपात सहित एग्रीकल्चर एलाइड, एन.आर.एम. तथा रूरल इन्फ्रा स्ट्रक्चर के सभी कंपोनेन्ट्स की जानकारी अपने आप प्रदर्शित होने लगेगी, जिससे लेबर बजट बनाने मे सुविधा होगी। यह साफ्टवेयर पूरे प्रदेश में लागू होगा।

# प्रिया पाठक को उपखण्ड मजिस्ट्रेट कुसमी का प्रभार

**सीधी।** अपर कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्य सुविधा के दृष्टि से प्रिया पाठक (परिवीक्षाधीन) डिप्टी कलेक्टर जिला सीधी को आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/ उपखण्ड मजिस्ट्रेट कुसमी जिला सीधी में पदस्थ किया गया है। जारी आदेशानुसार रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी प्रभारी डिप्टी कलेक्टर/ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मझौली अतिरिक्त प्रभार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/ उपखण्ड मजिस्ट्रेट कुसमी से मुक्त होंगे। प्रिया पाठक (परिवीक्षाधीन) डिप्टी कलेक्टर/ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/ उपखण्ड मजिस्ट्रेट कुसमी जिला सीधी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होने से मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 नवीन संशोधित अधिनियम की धारा-18 की उप धारा (तीन) में विहित प्रावधान अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए न्यायालयीन/दाण्डिक प्रकरणों का रिपोर्टिंग रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी प्रभारी डिप्टी कलेक्टर/ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मझौली जिला सीधी को करेंगे तत्पश्चात आदेश पारित करना सुनिश्चित करेंगे।

# सीएमराइज विद्यालय में स्वच्छता सेवा कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** सीधी सीएमराइज विद्यालय सीधी मे आज राष्ट्रीय सेवायोजना हृस्स के द्वारा आज विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा अन्य छात्राओं को स्वच्छता के विषय में जागरूक किया गया। इसमें उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र पटेल उप प्राचार्य श्रीमती आरती पांडे राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी ज्वाला प्रसाद पटेल अवनीश पांडे प्रवेश पांडे राकेश शुक्ला श्रीमती रेखा सिंह चौहान तथा अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# विवाह पंचमी पर राम जानकी मंदिर सीधी में हुए सोहाग एवं बधाई गीत



**सीधी।** दिनांक 6 दिसंबर दिन शुक्रवार को शाम 5:00 बजे से राम जानकी मंदिर सीधी में जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य जी के आशीर्वाद से मंदिर के पुजारी, महंत श्री यज्ञ नारायण दास जी के निर्देशन में विवाह पंचमी के सुअवसर पर श्री राम जानकी के विवाह से संबंधित सुमधुर भजनों की प्रस्तुति की गई जिसमें मंगल गीत,बधाई गीत, विवाह गीत, सुहाग गीत आदि मात्रि शक्तियों द्वारा हारमोनियम, ढोलक, झांझ, मंजीरे के साथ सुमधुर आवाज में प्रस्तुत किए गए। जिसमें श्रीमती अजीता द्विवेदी, आरती मिश्रा, माधुरी शुक्ला, रश्मि मिश्रा, गीता प्रधान, रंजना सिंह परिहार, सुलोचना पांडे, गणेश सिंह परिहार, पंकज द्विवेदी एवं अन्य भक्त गण एकत्र हुए सभी ने राम सीता के चरणों में ध्यान लगाते हुए सुंदर भजनों का रसपान किया एवं संकीर्तन में शामिल हुए जो देर रात 8:00 बजे तक चला रहा, ततपश्चात ढोल, नगाड़े, झांझ, मंजीरे के साथ सुमधुर आरती प्रस्तुत की गई इसके बाद मंदिर के श्रद्धालु भक्त गण अपनी रामायण एवं भजन की प्रस्तुति देर रात तक देते रहे उसके बाद सभी श्रद्धालुओ ने सामूहिक रूप से भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# पीएमजीएसवाय-4 के अन्तर्गत खड्डी खुर्द से बगैहा टोला मार्ग निर्माण प्रस्तावित

**सीधी**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिला अंतर्गत चुरहट विधानसभा क्षेत्र में खड्डी खुर्द के रोड के संबंध में महाप्रबंधक म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई सीधी जिला सीधी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत पैकेज क्रमांक एम.पी. 4162 के अन्तर्गत खड्डी कला से खड्डी खुर्द मार्ग लम्बाई 4.26 किमी. का कार्य वर्ष 2011 को पूर्ण किया जाकर वर्तमान में पैकेज क्रमांक एम.पी. 41 पी.टी. 038 के अन्तर्गत संधारित है। वर्तमान में पीएमजीएसवाय-4 के अन्तर्गत मुख्य ग्राम के अतिरिक्त बसाहटों को जोड़ने हेतु जानकारी तैयार की रही है। इस योजना अन्तर्गत खड्डी खुर्द से बगैहा टोला मार्ग लम्बाई 3.80 किमी. का प्रस्ताव संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं पटवारी के प्रमाण पत्र के आधार पर मार्ग निर्माण हेतु योजना में कार्य प्रस्तावित किया गया है।

# अवैध नशे के विरुद्ध की गई कार्यवाही, आरोपी गिरफ्तार



**सीधी।** अवैध नशे के विरूद्ध चौकी खड्डी पुलिस ने 2.1 लाख रूपये कीमती मशरूका 7.110 किलोग्राम गांजा के साथ 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधाशु तिवारी के नेतृत्व में खड्डी पुलिस ने 7.110 किलोग्राम गांजा को जप्त करते हुए 1 आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 10 अक्टूबर 2024 चौकी प्रभारी खड्डी को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटर सायकल क्रमांक एमपी 53 जेडड़ी 3907 ग्लेमर हीरो काले रंग की मोटर सायकल से पीठ मे पिट्ठु बैग लटकाये पिट्ठु बैग के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा लिये मझौली रतवार रोड से आने वाला है। चौकी प्रभारी खड्डी द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर उनके मार्गदर्शन में स्वयं के नेतृत्व में एक टीम गठित कर रवाना होकर मुखविर के बतायेनुसार जगह मगरोहर पुल के पास छुपकर काले रंग की ग्लेमर मोटर सायकल का इंतजार किया जो कुछ देर में मुखबिर के बताये अनुसार एक मोटर सायकल रतवार मझौली रोड तरफ से आती दिखी। जिसमे टार्च मारकर देखा गया जो मोटर सायकल का एमपी 53 जेडड़ी 3907 नम्बर प्लेट मे लिखा दिखा जो मोटर सायकल को रुकवाया जाकर चालक संदेही का नाम पता पूंछा गया तो अपना नाम राजबहादुर सिंह गोड पिता सत्यसूदन सिंह गोड उम्र 45 वर्ष ग्राम कुशमहर भमरहा टोला चौकी बम्हनी थाना चुरहट जिला सीधी का रहने वाला बताया। मादक पदार्थ को तौला गया जो उसका बजन बोरी कपडा सहित 7 किलो 110 ग्राम कीमती 106600 प्राप्त हुआ। साथ ही आरोपी राजबहादुर सिह की जामा तलाशी ली गई तो उसके पैंट के जेब से काले रंग का रेडमी 12सी मोबाइल प्राप्त हुआ। उक्त गांजा के परिवहन एवं विक्रय के संबंध में वैध कागजात की मांग की गई जो कोई कागजात पेश नहीं किया जिससे संदेही का यह कृत्य धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी राजबहादुर सिंह गोड पिता सत्यसूदन सिंह गोड उम्र 45 वर्ष ग्राम कुशमहर भमरहा टोला चौकी बम्हनी थाना चुरहट जिला सीधी के विरूद्ध अपराध कायम कर अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 106600, एक नग मोबाईल फोन कीमती 15000 एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल 80 हजार कुल कीमती 2 लाख 1600 रुपए को जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

# शाजापुर से अपहृता को पुलिस ने किया दस्तयाब

**सीधी।** आठ सौ किलोमीटर दूर साजापुर से 8 साल पूर्व गुमी नाबालिक अपहृता को दस्तयाब कर कोतवाली पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया है। मध्य प्रदेश शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा महिलाओ व बच्चों के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा जिले भर में अपहृत बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरताम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को 8 साल बाद 800 किलोमीटर दूर साजापुर से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 22 अप्रैल 2017 को फरियादिया थाना कोतवाली सीधी उपस्थित आकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि मेंरी नाबालिग लडकी घर से बिना बतायें कही चली गई है, जिसकी पता तलाश आस पड़ोस नाते रिस्तेदारी सभी जगह की पर कही नही मिली, लगता है कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिग लडकी को बहला फुसालकर भगा ले गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 363 भारतीय दण्ड संहिता का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना अपहृता की उपस्थिति साजापुर में होने पर थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा उनि विवेक द्विवेदी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर रवाना किया गया जो टीम दिनांक 5 दिसंबर 2024 को अपहृता दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सीधी।** हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत थाना प्रभारी यातायात एवं चौकी प्रभारी बम्हनी द्वारा जिले के रघु पब्लिक हाई स्कूल, एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं हाई स्कूल ग्राम बारी में जागरूकता कार्यक्रम में यातायात सहित जेंडर आधारित हिंसा एवं सायबर अपराधों का पाठ पढ़ाया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा जिले भर में समय-समय पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक करने हेतु समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक रीता त्रिपाठी द्वारा दिनांक 6 दिसंबर 2024 को जिले कि रघु पब्लिक हाई स्कूल एवं एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में तथा चौकी प्रभारी बम्हनी उनि डीडी सिंह द्वारा दिनांक 7 दिसंबर 2024 को हाई स्कूल बारी में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को सडक सुरक्षा, यातायात सुरक्षा के संबंध में चर्चा की गई और यातायात नियमों से अवगत करा कर उनके पालन हेतू समझाईश दी गई। बच्चों के माता पिता को नाबालिग बच्चों से वाहन ना चलवाने, हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने एवं अत्यधिक तेज गति में वाहन ना चलाने जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर इन नियमों के पालन पर जोर दिया जाकर जागरूक किया गया एवं उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को जेंडर आधारित हिंसा, सायबर अपराध एवं यातायात नियमो के बारे में जागरूक कर सडक दुर्घटना में घायल की सहायता एवं जान बचाने वाले को श्गुड सेमेरिटन योजना के तहत 5000 राशि व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने का है प्रावधान के बारे में बताया गया।

# मनाया गया 78वां होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस

**सीधी।** होमगार्ड लाइन में आज दिनांक 6 दिसंबर 24 को 78 वां होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समाज सेवी कृष्ण प्रताप सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में परेड कमाण्डर चन्द्रकान्त तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि को परेड की सलामी दी गई। तत्पश्चात मार्च पास्ट किया गया। जिला सेनानी एलबी कोल द्वारा डायरेक्टर जनरल होमगार्ड नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन का संदेश वाचन किया गया। पश्चात जवानो के मेधावी छात्रों बालक-बालिकाओं को मुख्यालय द्वारा प्रदत्त प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए एवं वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी जवानों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में जिला सेनानी द्वारा मुख्य अतिथि, आंगतुको का आभार व्यक्त किया जाकर उपस्थित सभी को स्वल्पाहार कराया गया।


## कार्यालय नगर परिषद बैकुण्ठपुर जिला- रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 1514/ निविदा आमंत्रण/2024 बैकुण्ठपुर दिनांक 04.12.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि व लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_386232_1 | वार्ड क्र. 02 में शमशान घाट में वर्निंग शेड निर्माण कार्य | 01 माह लागत रू0 623386.00 | 2000.00 एवं अमानत राशि 6234.00 | 05.12.2024 से 21.12.2024 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमती मीना तीरथ गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर परिषद बैकुण्ठपुर
जिला-रीवा (म.प्र.)

(श्रीमती निधि राजपूत)
मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद बैकुण्ठपुर
जिला-रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय नगर परिषद बैकुण्ठपुर जिला- रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 1506/ निविदा आमंत्रण/2024 बैकुण्ठपुर दिनांक 03.12.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि व लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_386245_1 | वार्ड क्र. 09 में गंगा स्वीट मार्ट से प्यारे बाबा के घर तक नाली निमार्ण कार्य | 03 माह लागत रू0 1247808.00 | 2000.00 एवं अमानत राशि 9360.00 | 04.12.2024 से 03.01.2025 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमती मीना तीरथ गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर परिषद बैकुण्ठपुर
जिला-रीवा (म.प्र.)

(श्रीमती निधि राजपूत)
मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद बैकुण्ठपुर
जिला-रीवा (म.प्र.)

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में मदद करने के बहाने युवाओं से ठगी, दो गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सतारा जिले से अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में मदद करने के बहाने पालघर में कुछ युवाओं को ठगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान 30 वर्षीय धनाजी काकड़े और 27 वर्षीय गणेश काले के तौर पर की गई है।दोनों ने युवाओं को अग्निपथ योजना में उनकी भर्ती सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया था। भर्ती प्रक्रिया 28 नवंबर को विरार के जीवदानी क्रिकेट ग्राउंड में चल रही थी। विरार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक सुरेश गायकवाड़ ने कहा, काकड़े और काले मैदान में गए और वहां कुछ उम्मीदवारों से संपर्क किया। उन्होंने उन उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने एक उम्मीदवार से एक हजार रुपये भी लिए और उससे अपने जैसे युवाओं को लाने के लिए कहा। जैसे ही कुछ उम्मीदवारों को एहसास हुआ कि उन्हें धोखा दिया जा रहा है, उन्होंने पुलिश में शिकायत दर्ज कराई।बाद में पुलिस ने दोनों को मौके से पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 62 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।गिरफ्तारी के बाद उन्हें अदालत के सामने पेश किया गया।अदालत ने उन्हें पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

### गूगल मैप पर भरोसा करना पड़ा महंगा, बिहार का परिवार कर्नाटक के घने जंगल में फंसा

**बंगलूरू, एजेंसी।** बिहार से गोवा जा रहे एक परिवार को गूगल मैप पर भरोसा करना महंगा पड़ गया। गूगल मैप के नेविगेशन के कारण उन्हें पूरी रात कर्नाटक के बेलगावी जिले में खानापुर क्षेत्र के जंगल में गुजारनी पड़ी।गूगल मैप ने परिवार को जंगल के रास्ते छोटा रूट दिखाया।खतरे से अंजान परिवार ने गूगल पर भरोसा कर उस रास्ते पर वाहन मोड़ लिया। कुछ ही देर में उन्होंने खुद को एक चुनौतिपूर्ण स्थिति में पाया।जंगल में न तो मोबाइल नेटवर्क आ रहा था और न ही बाहर निकलने का स्पष्ट रास्ता दिख रहा था। परिवार ने जंगल से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढने का बहुत प्रयास किया और अंत में थक कर उन्हें वहीं रात गुजारनी पड़ी। अगले दिन सुबह चार किलोमीटर चलने के बाद उनके मोबाइल में नेटवर्क आने लगा। उन्होंने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल किया। स्थानीय पुलिस ने उनके कॉल पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। अधिकारियों ने जंगल में फंसे परिवार का पता लगाया और उन्हें सुरक्षित वहां से बाहर निकाला। पिछले महीने गूगल मैप पर भरोसा करने के चक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। गूगल मैप ने उन्हें बरेली में एक निर्माणाधीन पुल के पास लाकर खड़ा कर दिया, जहां उनकी कार नदी में डूब गई।मृतकों की पहचान विवेक और अमित के तौर पर की गई। वे गुरुग्राम से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश में बरेली के लिए निकले थे, लेकिन गूगल मैप उन्हें उनके गणतव्य तक पहुंचाने के बदले उन्हें मौत का रास्ता दिखा दिया।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद जब्त

**इंफाल, एजेंसी।** पिछले वर्ष मई से इंफाल घाटी स्थित मेइती और समीपवर्ती पहाड़ियों पर स्थित कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं। मणिपुर के थाउबल जिले में सुरक्षा बलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा जब्त किया।पुलिस ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यह कार्रवाई शुक्रवार को पेची चिंगलाक के तलहटी वाले इलाके में तलाशी अभियान के दौरान की गई। जब्त किए गए हथियारों और गोला-बारूद में एक एसएमजी कार्बाइन, मैगजीन, तीन हथगोले, चार कारतूस, एक संगीन और एक रेडियो सेट शामिल हैं।पिछले वर्ष मई से इंफाल घाटी स्थित मेइती और समीपवर्ती पहाड़ियों पर स्थित कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान को लेकर शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं की उदासीनता पर निराशा जताई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने इस बात पर अफसोस जताया कि शहरों में मतदाता चुनाव के दिनों में मतदान केंद्रों पर आने से बचते हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लोग बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बाहर आते हैं।उन्होंने देश में सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने का श्रेय करीब 1.5 करोड़ मतदान कर्मियों को दिया। मतदान केंद्र अधिकारियों को शुक्रवार को 'एनडीटीवी' के 'इंडियन ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, मणिपुर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत काफी अधिक रहा, लेकिन ''शहरों में लोग मतदान नहीं करते।'' उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के प्रयासों के बावजूद कर्नाटक के बेंगलुरु और हरियाणा के गुरुग्राम में मतदाता मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में नहीं आए।उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुंबई में कोलाबा में हाल में हुए विधानसभा चुनावों में सबसे कम मतदान हुआ।निर्वाचन आयोग शहरी केंद्रों में कम मतदान के मुद्दे को उठाता रहा है। अतीत में, यह देखा गया है कि शहरी मतदाता मतदान दिवस की छुट्टी के साथ सप्ताहांत पर कहीं बाहर घूमने निकल जाते हैं। कुमार ने कहा, ''लेकिन मुझे यकीन है कि आने वाले समय में शहरी उदासीनता और युवाओं की उदासीनता का भी ध्यान रखा जाएगा।

# उत्तराधिकारी के बारे में पार्टी के नेतृत्व की तरफ से सामूहिक तौर पर किया जाएगा निर्णय : मुख्यमंत्री बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में दिग्गज नेताओं और युवा गुट के बीच जारी आंतरिक संघर्ष के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने अपने उत्तराधिकारी के अटकलों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शुक्रवार को बताया कि उनके उत्तराधिकारी के बारे में कोई भी निर्णय उनके द्वारा व्यक्तिगत रूप से नहीं बल्कि पार्टी के नेतृत्व की तरफ से सामूहिक तौर पर किया जाएगा। एक साक्षात्कार में ममता बनर्जी ने कहा, मैं पार्टी नहीं हूं। हम पार्टी हैं। यह एक परिवार है और निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाएंगे। उनसे अपने उत्तराधिकारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने इस सवाल को टाल दिया। टीएमसी प्रमुख ने कहा, इसका निर्णय पार्टी करेगी कि लोगों के लिए सर्वश्रेष्ठ क्या होगा। हमारे पास विधायक, सांसद और बूथ कार्यकर्ता हैं। यह एक संयुक्त प्रयास है। युवा पीढ़ी या अनुभवी नेताओं को प्राथमिकता देने को लेकर जारी बहस पर ममता ने कहा, सभी महत्वपूर्ण हैं। आज की नई पीढ़ी कल के अनुभवी दिग्गज होंगे। हालांकि, टीएमसी ने आधिकारिक तौर पर किसी उत्तराधिकारी की घोषणा नहीं की है। ममता बनर्जी की टिप्पणी उनके वफादार पुराने नेताओं बनाम अभिषेक बनर्जी के करीबी माने जाने वाली युवा पीढ़ी के नेताओं पर जारी बहस के बीच आई। बता दें कि अभिषेक बनर्जी टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और ममता बनर्जी के भतीजे हैं। ममता बनर्जी ने राजनीतिक सलाहकारों की भूमिका को संबोधित करते हुए ढ्ढ-क्क्र पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष किया। यह 2019 से



ही टीएमसी के लिए राजनीतिक सलाहकार के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा, कुछ रणनीतिकार घर में बैठकर सर्वेक्षण करते हैं और बाद में उन्हें बदल देते हैं। वे चीजों की व्यवस्था कर सकते हैं लेकिन मतदाताओं को नहीं ला सकते हैं। यह बूथ कार्यकर्ता ही हैं जो गांवों और लोगों को जानते हैं जो वास्तव में चुनाव जीतते हैं। वे उन कारीगरों की तरह हैं जो पैसों के बदले अपना काम करते हैं, लेकिन चुनाव उनसे नहीं जीते जाते।

**मौका मिला तो इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करने को तैयार :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया. साथ ही संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह गठबंधन की कमान संभालने की मंशा रखती हैं. तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं. उन्होंने शुक्रवार को एक चैनल न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था. अब इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी इसके नेतृत्वकर्ताओं पर है. अगर वे इसे नहीं चला सकते तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा. यह पूछे जाने पर कि वह एक मजबूत भाजपा विरोधी ताकत के रूप में अपनी साख के बावजूद इस ब्लॉक की कमान क्यों नहीं संभाल रही हैं, बनर्जी ने कहा, अगर मुझे मौका मिला तो मैं इसका सुचारू संचालन सुनिश्चित करूंगी. उन्होंने कहा, मैं पश्चिम बंगाल से बाहर नहीं जाना चाहती, लेकिन मैं इसे यहीं से चला सकती हूं. भाजपा का मुकाबला करने के लिए गठित इंडिया ब्लॉक में दो दर्जन से अधिक विपक्षी दल शामिल हैं. हालांकि, आंतरिक मतभेदों और समन्वय की कमी के कारण विभिन्न क्षेत्रों से आलोचना हो रही है. उनकी यह टिप्पणी उनके पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक सहयोगियों से अपने अहंकार को अलग रखने और ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन के नेता के रूप में मान्यता देने का आह्वान करने के कुछ दिनों बाद आई है. भाजपा ने महाराष्ट्र में शानदार प्रदर्शन किया और रिकॉर्ड संख्या में सीटें हासिल कीं. इससे पार्टी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को भारी जीत मिली. जबकि झारखंड में झामुमो के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया ब्लॉक ने जोरदार वापसी की. कांग्रेस ने अपनी हार का सिलसिला जारी रखा, महाराष्ट्र में उसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा तथा झारखंड में वह सत्तारूढ़ झामुमो की कनिष्ठ सहयोगी बनकर रह गई।

### किसान आंदोलन में हरियाणा के नहीं, पंजाब के जत्थेदार किसान : कृष्ण बेदी

**रोहतक, एजेंसी।** किसान आंदोलन को लेकर सरकार और किसानों के बीच एक बार फिर से टकराव देखने को मिल रहा है। किसानों ने दिल्ली पहुंचने का ऐलान कर दिया है। इसी बीच हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने दावा किया है कि आंदोलन करने वालों में हरियाणा के किसान नहीं हैं। कृष्ण बेदी ने शुक्रवार को यहां मीडिया से कहा, ये हरियाणा के किसान नहीं है बल्कि पंजाब के जत्थेदार किसान हैं, जिनकी छोटी-मोटी समस्याएं है। केंद्र सरकार उन्हें हल कर लेगी। किसानों के लिए हरियाणा सरकार ने सबसे ज्यादा काम किया है। ऐसी फसलों का भी मुआवजा दिया गया है जो फसल अबकी बार नहीं हो पाई। उन्होने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों के लिए 24 फैसलों को एमएसपी पर खरीदने का वादा किया है। साथ ही पराली प्रबंधन के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को शाबाशी दी है, जबकि पंजाब में ऐसा नहीं हो रहा है। ये सब आंदोलनकारी किसान पंजाब के हैं। कृष्ण बेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा पर संविधान को खत्म करने का बेबुनियाद आरोप लगा रही है। उसके पास इस बात का जवाब नहीं है कि भाजपा कैसे संविधान को खत्म कर रही है? संविधान कभी भी खत्म नहीं हो सकता क्योंकि यह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का बनाया हुआ संविधान है, जिसने न केवल भारत को बल्कि विश्व को भी राह दिखाई है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा की एआईआईओ प्रमुख उमर अहमद इलियासी ने की निंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झबांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा और इस्कॉन से जुड़े संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की




ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन (एआईआईओ) के प्रमुख डॉ. उमर अहमद इलियासी ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद स्थिति है और इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। डॉ. उमर अहमद इलियासी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मैं बांग्लादेश में वर्तमान समय में जो हालात हैं, खासकर वहां के अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचारों को लेकर बेहद चिंतित हूं। यह बहुत दुखद स्थिति है और इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। मैं इस तरह के घटनाओं की कठोर शब्दों में निंदा करता हूं। हमें यह याद रखना चाहिए कि बांग्लादेश और भारत पड़ोसी देश हैं, जो हमेशा एक साथ रहे हैं। भारत ने हमेशा बांग्लादेश की सहायता की है, चाहे वह उनके बुनियादी ढांचे के लिए हो या वहां के नागरिकों की भलाई के लिए। आज जो हालात बन गए हैं, उनमें शांति और अमन की आवश्यकता है। हिंदुओं पर हो रहे जुल्म और अत्याचार को तुरंत रोका जाना चाहिए। इस मामले में मैं बांग्लादेश सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस से अपील करता हूं कि वे तुरंत इस पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा, जो लोग स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं और जुल्म ढा रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मैं विशेष रूप से बांग्लादेश के सभी मस्जिदों के इमामों से यह अपील करता हूं कि वे जुमे की नमाज और अन्य दिनों में अपने खुतबे में शांति और अमन का संदेश दें। इस्लाम एक शांति का धर्म है, जो हमेशा शांति और सौहार्द की बात करता है। हमें इस्लाम की असल शिक्षा पर अमल करना चाहिए और हर प्रकार के हिंसा से बचना चाहिए। मैं संयुक्त राष्ट्र, यूएनएचआरसी और अन्य मानवाधिकार संगठनों से भी अपील करता हूं कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। आज हमें यह समझने की जरूरत है कि हम पहले इंसान हैं, फिर किसी धर्म के अनुयायी।

### बजट में कमी के चलते केजरीवाल की मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पर लगेगा ब्रेक!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये देगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में कहा था कि जल्द ही इस योजना के तहत पंजीकरण की व्यवस्था भी शुरू कर दी जाएगी। पंजीकरण की व्यवस्था संपन्न होने के बाद महिलाओं के बैंक खाते में योजना के तहत एक हजार रुपये भेज दिए जाएंगे। लेकिन, वित्त विभाग ने बजट की कमी की ओर इशारा किया है। वित्त विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चूंकि, दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक है ऐसे में संभावना मानी जा रही है कि दिल्ली सरकार की इस योजना पर ब्रेक लग सकता है। बता दें कि दिल्ली सरकार ने 2024-25 के बजट में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये देने का ऐलान किया गया था। दिल्ली सरकार ने इस योजना के लिए बजट में 2,000 करोड़ रुपये का आवंटन भी किया था। दिल्ली के बुराड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के बारे में कहा था कि योजना जल्द ही शुरू की जाएगी।

# संबलपुर में मां लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने शुरू की फूलों की बागवानी

**संबलपुर, एजेंसी।** ओडिशा के संबलपुर स्थित हुतमा गांव की महिलाओं को कई पीढ़ियों से घर के कामों में ही उलझाए रखा गया है, उनका जीवन रसोई, बच्चों और कभी-कभार छोटी-मोटी सब्जियों के खेतों में ही घूमता रहता है. वहीं, पुरुष खेती के कामों में दबदबा रखते हैं, धान और मटर की खेती करते हैं, जबकि महिलाएं परिवार के आर्थिक प्रयासों में सिर्फ दर्शक बनकर रह जाती हैं. हालांकि, 2017 में प्रेरणा की एक छोटी सी चिंगारी ने यहां बदलाव के आंदोलन को प्रज्वलित कर दिया.

मां लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने एक स्थानीय गेंदा किसान से प्रेरित होकर एक नया रास्ता तय करने का फैसला किया. समूह की एक प्रमुख सदस्य संध्यारानी बघ याद करती हैं, हमने उसे फूल उगाते देखा और सोचा, हम भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते? इस दृढ़ संकल्प के साथ, उन्होंने नदी के किनारे एक एकड़ जमीन की पहचान की और इसे एक खिलते हुए बगीचे में बदलने का फैसला किया.

वहीं एक अन्य महिला दीपा बघ कहती हैं कहा कि यह आसान नहीं था. महिलाओं के पास संसाधनों, ज्ञान और सबसे महत्वपूर्ण बात, पारिवारिक समर्थन की कमी थी. शुरू में हमारे परिवारों को हम पर शक था. हमें धान के खेतों में काम करने की भी अनुमति नहीं थी, इसलिए उन्हें फूलों के लिए जमीन देने के लिए मनाना एक चुनौती थी. फिर भी हमारी दृढ़ता ने जीत हासिल की. तबला पंचायत की सीआरपी मंजुलता भायेंसा की मदद से समूह ने स्वयं सहायता समूह संघ से 1 लाख रुपये और बैंक से 2 लाख रुपये का अतिरिक्त लोन लिया. उन्होंने इन पैसों का इस्तेमाल कोलकाता से गेंदे के पौधे खरीदने, बाड़ लगाने, खाद्य और सिंचाई में निवेश करने में किया. महिलाओं ने फूलों को लगाने, पानी देने और



उनकी देखभाल करने में लंबा समय बिताया. संध्यारानी संघर्षों को याद करते हुए कहा हैं कि अक्सर पौधों में कीड़े लग जाते थे. हमने स्थानीय किसानों से सलाह ली, कीटनाशकों के बारे में सीखा और धीरे-धीरे परिणाम देखने लगे. जब पहला फूल खिला, तो ऐसा लगता है कि हमने कुछ असाधारण हासिल कर लिया है. केवल ढाई महीने में गेंदे के फूल कटाई के लिए तैयार हो गए. महिलाओं ने अपनी उपज संबलपुर बाजार में बेची, जिससे उन्हें हर महीने 40,000 रुपये की कमाई हुई. वित्तीय लाभ से परे उनके निजी जीवन में भी बहुत बड़ा बदलाव आया. सम्मान अर्जित किया और जीवन भी बदला आज ये महिलाएं सिर्फ गृहिणी नहीं रह गई हैं. वे उद्यमी, कमाने वाली सदस्य और रोल मॉडल हैं. दीपा कहती हैं कि हमारे परिवार अब हमारी ओर देखते हैं. हम अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकते हैं, अपने स्वास्थ्य का ख्याल रख सकते हैं और यहां तक कि अच्छी साड़ियां जैसी छोटी-मोटी लग्जरी सामान भी खरीद सकते हैं. दीपा गर्व से कहती हैं कि महिलाएं समलेश्वरी मंदिर को फूल भी देती हैं, जिससे उन्हें हर हफ्ते 8,000 से 10,000 रुपये का मुनाफा होता है. पहले हम हर छोटे-मोटे खर्च के लिए अपने पतियों पर निर्भर रहती थीं. अब, हम घर में बराबर का योगदान देती हैं. वह सम्मान बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था. मां लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की सफलता ने स्थानीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है. जिले के बागवानी विभाग ने गेंदा की खेती की अप्रयुक्त क्षमता को स्वीकार करते हुए महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए सब्सिडी और प्रोत्साहन की घोषणा की है. बागवानी के उप निदेशक हिमांशु शेखर साहू ने संबलपुर में गेंदा के फूलों की मांग पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि जिले को सालाना 8,000 टन गेंदे के फूलों की आवश्यकता होती है, लेकिन स्थानीय स्तर पर केवल 2,700 टन का उत्पादन होता है।

# कर्नाटक में 327 गर्भवती महिलाओं की मौत, स्वास्थ्य मंत्री बोले- हेल्थ सर्विस में बदलाव करेगी सरकार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है. उन्होंने पुष्टि की है कि इस साल राज्य में 327 गर्भवती महिलाओं की दुखद मौत हो गई है. मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार लाने और ऐसी घटनाएं फिर से न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए कई उपायों की घोषणा की. मंत्री ने कहा, हम इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं. यहां तक ??कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है. सिस्टम में खामियों के कारण एक भी जान गंवाना अस्वीकार्य है और इससे हमारे स्वास्थ्य सेवा ढांचे की छवि खराब होती है. हम इन खामियों को दूर करने के लिए तेजी से और कड़े बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

मंत्री ने ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट और मेडिकल सप्लाई कॉर्पोरेशन को पुनर्जीवित करने की सरकार की मंशा पर जोर दिया, जिसका ध्यान अस्पतालों को सप्लाई की जाने वाली दवाओं की क्वालिटी में सुधार पर केंद्रित है. इसमें फार्मक्यूटिकल प्रोडक्ट और हाई स्टैंडर्ड्स को सुनिश्चित करने के




लिए निर्माताओं से अपडेटेड जानकारी प्राप्त करना शामिल है.

अगली कैबिनेट बैठक में सरकार मेडिकल सप्लाई के लिए निविदा प्रक्रिया में संशोधन का प्रस्ताव करने की योजना बना रही है. गुंडू राव ने कहा, सरकार का लक्ष्य विश्वसनीय दवा कंपनियों को आकर्षित करना और चिकित्सा आपूर्ति की गुणवत्ता को बढ़ाना है. पूरी प्रणाली में महत्वपूर्ण कायाकल्प होगा. मंत्री ने पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे के बारे में चिंताओं को भी संबोधित किया. उन्होंने कहा, हमने प्रत्येक पीड़ित परिवार के लिए 2 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है. विस्तृत जांच रिपोर्ट उपलब्ध होने के बाद, हम आगे की कार्रवाई करेंगे. वहीं, विपक्ष के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर गुंडू राव ने कहा, हम किसी भी जांच का स्वागत करते हैं, चाहे वह लोकायुक्त द्वारा की गई हो या किसी अन्य निकाय द्वारा. हम कोई तथ्य नहीं छिपा रहे हैं और सिस्टम में खामियों को दूर करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# बांग्लादेशियों की नहीं करेंगे मेजबानी, हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर बराक घाटी के होटलों का फैसला

**गुवाहटी, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं की हालत लगातार खराब होती जा रही है। यहां मोहम्मद युनूस की सरकार के बनने के बाद कट्टरपंथी संगठनों के हौसले और भी ज्यादा बुलंद हो गए हैं। अब ये संगठन हिंदुओं को पूजा-अर्चना करने से भी रोक रहे हैं। लगातार हिंदू मंदिरों पर हमले किए जा रहे हैं। बीते कुछ दिन पहले बांग्लादेश में भारत के ध्वज का भी अपमान किया गया था। जिसके बाद भारत के अलग-अलग राज्यों में बांग्लादेश के विरोध में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। अब असम की बराक घाटी के होटलों ने कड़ा फैसला लिया है। उनका कहना है कि जबतक पड़ोसी देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले बंद नहीं हो जाते, तब तक वे किसी भी बांग्लादेशी नागरिक की मेजबानी नहीं करेंगे।

**त्रिपुरा में भी नहीं मिलेगा रहने और खाने को :** अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार करना बांग्लादेशियों को भारी पड़ने वाला है। नवरात्रि के समय पंडालों पर भारी भरकम टैक्स लगाना और अब इस्कॉन मंदिर के मुखिया के साथ हुए अत्याचार की चिंगारी भारत में भी सुलगने लगी है। इससे पहले, पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा ने बड़ा एलान किया था। राज्य के होटल-रेस्टोरेंट संघ ने कहा था कि बांग्लादेशी नागरिकों को राज्य के होटलों में रुकने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही साथ कोई रेस्तरां उन्हें भोजन भी नहीं देगा। अब इसमें असम की बराक घाटी का




नाम भी शामिल हो गया है। घाटी में तीन जिले कछार, श्रीभूमि (पूर्व में करीमगंज) और हेलाकांडी शामिल हैं। यह बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र के साथ 129 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करती है। बराक घाटी होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबुल राय ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति चिंताजनक है। हम इसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं कर सकते। इसलिए हमने बराक घाटी के तीनों जिलों में उस देश के किसी भी नागरिक की मेजबानी तब तक रोकने का फैसला किया है जब तक कि स्थिति में सुधार नहीं होता और हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं हो जाता।

# एकनाथ शिंदे को देवेन्द्र फड़नवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में गृह विभाग चाहते हैं : शिवसेना नेता

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मिलकर महायुति बनाती है, जिसने पिछले महीने हुए विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी। नतीजों के 12 दिन बाद गुरुवार को भाजपा के देवेंद्र फडणवीस ने एकनाथ शिंदे और पवार और उनके सहयोगियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। समाचार एजेंसी पीटीआई ने गोगावले के हवाले से कहा, जब फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे (पिछली शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में), तो उनके पास गृह विभाग भी था। अब, साहेब ने उसी व्यवस्था की मांग की है और (पोर्टफोलियो आवंटन पर) बातचीत चल रही है। रायगढ़ विधायक ने कहा, यह मांग शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की गई है। हमें उम्मीद है कि अगले दो दिनों में विभागों पर बातचीत पूरी हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, शिंदे उपमुख्यमंत्री पद स्वीकार करने के लिए अनिच्छुक थे, लेकिन शिवसेना नेताओं ने उन्हें इस पद के लिए मना लिया। हालांकि, वह गृह विभाग को लेकर अड़े हुए हैं, जिसके लिए राज्य पुलिस रिपोर्ट करती है। जून 2022 में, ठाणे के इस मराठा नेता ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह कर दिया, जो संयुक्त शिवसेना के प्रमुख थे। इससे पार्टी में विभाजन हो गया और ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास



अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई।

**11 से 16 दिसंबर के बीच होगा मंत्रिमंडल विस्तार :** शिवसेना विधायक भारत गोगावले ने कहा कि एकनाथ शिंदे ने भाजपा से महत्वपूर्ण गृह विभाग की मांग की है और विभागों के बंटवारे पर बातचीत जारी है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से ठीक पहले 11 से 16 दिसंबर के बीच मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है।

**विभागों के आवंटन पर चल रही बातचीत :** बता दें, विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से राज्य की दूसरी राजधानी नागपुर में शुरू होगा। उन्होंने कहा, जब देवेंद्र फडणवीस (शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में) उपमुख्यमंत्री थे, तब उनके पास गृह विभाग भी था। साहेब (शिंदे) ने गृह विभाग की मांग की है और (विभागों के आवंटन पर) बातचीत चल रही है।

**पीएम मोदी या अमित शाह के सामने रखी गई मांग :** यह पूछे जाने पर कि किससे यह मांग की गई थी, गोगावले ने कहा कि यह शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की गई है। रायगढ़ जिले के महाड से विधायक ने कहा कि पिछली महायुति सरकार में शिवसेना के पास जो विभाग थे, उन्हें बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभागों के बंटवारे पर बातचीत अगले दो दिन में पूरी हो जाएगी। गौरतलब है, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में एक भव्य समारोह में तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि शिंदे और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। समारोह में महायुति के शीर्ष तीन राजनेताओं को छोड़कर किसी अन्य नेता को पद की शपथ नहीं दिलाई गई। भाजपा, शिवसेना और एनसीपी महायुति गठबंधन का हिस्सा हैं।



## कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में चमके दिल्ली के प्रणय

**● व्यक्तिगत में दो और टीम स्पर्धा में एक स्वर्ण जीता**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रणय जनकपुरी के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया, बोत्सवाना के खिलाड़ियों को हराया है। दक्षिण अफ्रीका के डरबन में कराटे कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में प्रणय शर्मा ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने दो पदक व्यक्तिगत और एक टीम स्पर्धा में जीता है।

75 किलो भारवर्ग के फाइनल में शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीत हासिल की। इससे पहले उन्होंने बोत्सवाना और दक्षिण अफ्रीका के प्रतिभागियों को मात दी। प्रणय जनकपुरी के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया, बोत्सवाना के खिलाड़ियों को हराया है। विश्वस्तर पर कराटे चैंपियनशिप में इससे पहले उन्होंने कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप 2022 में भी सिल्वर मेडल जीता था।

**चेस चैम्पियनशिपः**

## तानिया सचदेव बोलीं- विश्व चेस चैंपियनशिप का मैच प्लेऑफ में पहुंचा तो लिरेन का पलड़ा भारी

**मुंबई, एजेंसी।** ग्रैंडमास्टर तानिया सचदेव का मानना है कि डी गुकेश के खिलाफ विश्व शतरंज चैंपियनशिप का मुकाबला अगर प्लेऑफ में खिंचता है तो ज्यादा अनुभवी के कारण गत चैम्पियन डिंग लिरेन का पलड़ा भारी होगा। शुरुआती नौ दौर के बाद दोनों खिलाड़ी एक समान 4.5 अंक के साथ बराबरी पर है। सचदेव को उम्मीद है कि 18 साल के गुकेश आगामी पांच बाजियों में अपने मौकों का भरपूर फायदा उठाने में सफल रहेंगे होंगे।



तानिया ने कहा, गुकेश के लिए निश्चित रूप से शुरुआत में संभावनाएं बहुत अधिक थीं। लेकिन जिस तरह से मैच का रुख बदल गया, मुझे लगता है कि अब थोड़े पिछड़ रहे हैं। तानिया ने कहा, यह मुकाबला अगर टाई-ब्रेक, प्ले-ऑफ में जाता है तो स्पीड शतरंज में अपने अनुभव के कारण मुकाबले पर लिरेन के पास अधिक मौके होंगे। तानिया ने कहा कि भारतीय ग्रैंडमास्टर और चीन के उनके प्रतिद्वंद्वी के बीच मुकाबला उम्मीदों के विपरीत रहा है। उन्होंने कहा, विश्व चैम्पियनशिप मैच की शुरुआत में दुनिया भर के खिलाड़ियों और शतरंज प्रशंसकों के विचार काफी अलग थे। कई लोगों ने कहा था कि गुकेश पर जीत का दावेदार होगा क्योंकि वह शानदार लय में था। उसने अपने प्रदर्शन से अपने स्तर को काफी ऊंचा कर दिया था। उन्होंने कहा, डिंग बहुत ही चुनौतीपूर्ण और पेशेवर तौर पर बहुत मुश्किल समय का सामना कर विश्व चैम्पियनशिप में पहुंचे थे। क्लासिकल में बहुत चर्चा हो रही थी कि क्या यह मैच 14वीं बाजी तक भी पहुंचेगा?

तानिया ने कहा कि लिरेन ने अब तक प्रतियोगिता में 'असाधारण जज्बा' दिखाया है। उन्होंने कहा, लिरेन ने कमाल का जज्बा और धैर्य दिखाया है। गुकेश के पास अब भी कई मौके हैं। इस मुकाबले में कई बार ऐसा हुआ जब गुकेश ने अपनी पकड़ मजबूत की लेकिन हर बार लिरेन ने अच्छी वापसी की।

# गस एटकिंसन ने वेलिंग्टन में रचा इतिहास

## न्यूज़ीलैंड-इंग्लैंडः टेस्ट में 1265 दिन बाद किसी गेंदबाज ने ली हैट्रिक

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन गस एटकिंसन ने इतिहास रचा। उन्होंने इंग्लैंड के गेंदबाज के लिए 15वीं टेस्ट हैट्रिक ली। तेज गेंदबाज एटकिंसन ने नाथन स्मिथ को गेंद छोड़ने के प्रयास में बोल्ड किया। मैट हेनरी को गली में कैच कराया। फिर टिम साउथी को एलबीडब्लू आउट किया। एटकिंसन की धमाकेदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड की पारी को 125 रनों पर सिमट गई। पहली पारी 280 रन बनाने वाले इंग्लैंड को 155 रन की बढ़त मिली। टेस्ट क्रिकेट में 1265 दिन बाद किसी गेंदबाज ने पहली हैट्रिक ली। इससे पहले 2021 में वेस्टइंडीज के खिलाफ साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने हैट्रिक ली थी। ऐतिहासिक बेसिन रिजर्व में पहली बार किसी गेंदबाज ने हैट्रिक ली।




### एटकिंसन टेस्ट हैट्रिक लेने वाले 14वें अंग्रेज

2017 में द ओवल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मोइन अली के बाद टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के किसी गेंदबाज ने पहली हैट्रिक ली। 16 साल पहले हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ रयान साइडबॉटम ने हैट्रिक ली थी। कुल मिलाकर एटकिंसन टेस्ट हैट्रिक लेने वाले 14वें अंग्रेज बन गए। स्टुअर्ट ब्रॉड ने दो हैट्रिक ली हैं।

### गस एटकिंसन के लिए शानदार साल

26 साल के गस एटकिंसन के लिए टेस्ट क्रिकेट में यह पहला साल शानदार रहा है। उन्होंने जुलाई में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में 12 विकेट लिए। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ उसी वेन्यू पर शतक जड़ा और पांच विकेट लिए। अब हैट्रिक ले ली।

# हैरी ब्रुक हैं टेस्ट क्रिकेट के बेताज बादशाह

**सर डॉन ब्रैडमैन के पहुंचे करीब**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हैरी ब्रूक लगातार अपनी शानदार फॉर्म का मुजाहिरा पेश करते हुए दिख रहे हैं. इन दिनों इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है. ब्रुक मुकाबले की पहली पारी में बैटिंग करते हुए शानदार शतक जड़ चुके हैं. यह टेस्ट सीरीज न्यूजीलैंड की मेजबानी में खेली जा रही है. विदेश सरजमीं पर खेलते हुए ब्रुक के बल्ले से खूब रन निकलते हैं.



विदेशों में खेलते हुए हैरी ब्रुक में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन की झलक नजर आ रही है क्योंकि धीरे-धीरे वह विदेशी सरजमीं पर टेस्ट में 100 के औसत के करीब पहुंच रहे हैं. वह 90 के औसत को पार कर चुके हैं. ब्रैडमैन ने अपने करियर में विदेशी सरजमी पर खेले गए टेस्ट में 102.84 की औसत से रन बनाए थे. वहीं ब्रूक तक विदेशी सरजमीं पर खेले गए टेस्ट में 91.50 की औसत से रन बना चुके हैं. इस तरह वह धीरे-धीरे डॉन ब्रैडमैन के करीब पहुंच रहे हैं.

लगातार जड़े दो शतक

न्यूजीलैंड दौरे पर ब्रूक अब तक लगातार दो शतक जड़ चुके हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने सिर्फ एक पारी में बल्लेबाजी की, जिसमें उन्होंने 15 चौके और 3 छक्कों की मदद से 171 रन स्कोर किए. इसके बाद दूसरे मुकाबले की पहली पारी में बैटिंग करते हुए ब्रुक ने 11 चौके और 5 छक्कों की मदद से 111 रन बनाए.

# डुमिनी ने अचानक छोड़ा दक्षिण अफ्रीका टीम का साथ



**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** जेपी डुमिनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के बल्लेबाजी कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। डुमिनी ने पिछले साल मार्च में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच का पद संभाला था। सीएसए ने कहा कि उन्होंने आपसी सहमति के बाद तुरंत प्रभाव से अपना पद छोड़ दिया है।

सीएसए ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के दिग्गज जेपी डुमिनी मार्च 2023 में अपनी नियुक्ति के बाद से सीमित ओवरों की टीम के कोचिंग स्टाफ के प्रमुख सदस्य रहे हैं। उनके स्थान पर सीमित ओवरों की टीम के लिए जल्द ही बल्लेबाजी कोच की नियुक्ति की जाएगी। डुमिनी ने 2004 से 2019 के बीच 15 साल के करियर में दक्षिण अफ्रीका के लिए 46 टेस्ट, 199 वनडे और 81 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

### ट्रेविस हेड ने बेटे हैरिसन को समर्पित किया शतक, गोद में बच्चा उठाए झूमी पत्नी



**एडिलेड (एजेंसी)।** एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शानदार शतक लगाकर अपने नवजात शिशु हैरिसन के लिए प्यार दिखाया। हेड ने भारत के खिलाफ और एडिलेड में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और 111 गेंदों में अपना शतक बनाकर ऑस्ट्रेलिया को पिंक टेस्ट में मजबूत स्थिति प्रदान कर दी।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने शुरुआत से ही भारतीय गेंदबाजों पर कड़ा प्रहार किया और इस ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंचते हुए 10 चौके और 3 छक्के लगाए। हेड ने शतक पूरा करने के बाद स्टैंड में बैठे परिवार की ओर ईशारा किया। ऑस्ट्रेलियाई स्टार की पत्नी और बच्चे स्टैंड में थे। अभी बीती 4 नवंबर को ही हेड के घर बेटे हैरिसन ने जन्म लिया था। ऐसे में ऐतिहासिक मुकाबले को देखने के लिए हेड की पत्नी अपने बच्चे के साथ विशेष तौर पर स्टैंड में मौजूद रही। पिंक टेस्ट के दौरान ट्रेविस हेड ने सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी बना दिया।

**इंग्लैंड-न्यूज़ीलैंड दूसरा टेस्ट**

# टीम इंडिया पर मंडराया पारी की हार का खतरा

105 रन पर भारत की आधी टीम पवेलियन लौटी

एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया 337 पर ऑलआउट

कमिंस ने रोहित शर्मा को बोल्ड किया ,कोहली ने दो पारियों में कुल 18 रन बनाए



**एडिलेड (एजेंसी)।** भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 337 रन पर ऑलआउट कर दिया। कंगारुओं ने ट्रैविस हेड (140 रन) और मार्नस लाबुशेन (64 रन) की पारियों के दम पर 157 रनों की बढ़त बनाई।

फिलहाल एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट के दूसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने दूसरी पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 128 रन बना लिए। ऋषभ पंत और नीतीश रेड्डी क्रीज पर हैं। रोहित शर्मा 6, केएल राहुल 7, विराट कोहली 11, शुभमन गिल 28 और यशस्वी जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए। स्कॉट बोलैंड और पैट कमिंस को 2-2 विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने शुभमन गिल को बोल्ड किया।

विराट कोहली 11 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें स्कॉट बोलैंड ने विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। कोहली एक ही चौका लगा सके, उन्होंने पहली पारी में 7 रन बनाए थे।

भारत की दूसरी पारी के चौथे ओवर में केएल राहुल आउट हुए। यहां कप्तान कमिंस ने शॉर्ट लेंथ की बॉल डाली थी। राहुल पुल करने गए और विकेटकीपर कैरी को कैच दे बैठे। उन्होंने 7 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने भारत की दूसरी पारी के पहले ओवर में चौका जमाया। उनके इस चौके से भारतीय टीम का खाता खुला। नई बॉल से पहला ओवर डालने आए मिचेल स्टार्क ने चौथे स्टंप पर ओवरपिच बॉल डाली, जिस पर जायसवाल ने स्क्वैयर कट करके चौका जमाया।

**हेड ने छक्का मारा, तो सिराज ने अगली बॉल पर बोल्ड किया**

82वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 7वां विकेट गंवा दिया है। यहां ट्रैविस हेड 140 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने सिराज के ओवर की तीसरी बॉल पर छक्का मारा, फिर सिराज ने अगली ही बॉल पर उन्हें बोल्ड किया।



# गुकेश-लिरेन की 9वीं बाजी ड्रॉ, सिर्फ 'राजा' बचा रहा

**सिंगापुर (एजेंसी)।** वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के फाइनल में गुरुवार को डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन की 9वीं बाजी ड्रॉ रही। यह मैच किंग वर्सेज किंग पर ड्रॉ रहा यानी दोनों खिलाड़ियों के पास राजा का मोहरा बचा रहा। इस मुकाबले में 54 चालों के बाद दोनों खिलाड़ी ड्रॉ पर सहमत हुए।

32 साल के चीन ग्रैंड मास्टर लिरेन ने पहला मुकाबला जीता था, जबकि 18 साल के भारतीय ग्रैंड मास्टर गुकेश तीसरी बाजी अपने नाम की थी। दूसरी, चौथी, पांचवीं, छठी, सातवीं और आठवीं बाजी ड्रॉ रही। लगातार 6 बाजियां ड्रॉ रहीं। मुकाबले में अब तक 7 बाजियां बराबरी पर छूटीं। 9वीं बाजी ड्रॉ रहने के बाद दोनों खिलाड़ियों के 4.5-4.5 अंक हो गए हैं। चैंपियनशिप जीतने के लिए 7.5 पॉइंट चाहिए। शुक्रवार (6 दिसंबर) को आराम का दिन था। इसके बाद दोनों खिलाड़ी शनिवार को फिर मुकाबला शुरू किया। 25 लाख डॉलर (करीब 21.14 करोड़ रुपए) इनामी चैंपियनशिप में अब सिर्फ 5 मुकाबले बचे हैं। अगर 14 राउंड के बाद भी स्कोर बराबर रहता है, तो विनर तय करने के लिए 'फास्टर टाइम कंट्रोल' के तहत बाजियां होंगी।

**गुकेश ने कैटालान ओपनिंग की, लिरेन टाइम प्रेशर में दिखे**

गुकेश ने सफेद मोहरों से कैटालान ओपनिंग की। यहां भी लिरेन ने ओपनिंग से निपटने के लिए काफी समय लिया। पहली 14 चालों में गुकेश ने जहां 15 मिनट लिए। वहीं, लिरेन ने 50 मिनट लगाए। मिडिल गेम में गुकेश को 20वीं चाल में लिरेन पर दबाव बनाने का मौका मिला, लेकिन लिरेन ने बेहतरीन चालों से गुकेश को लाभ नहीं लेने दिया। एक समय लिरेन 30 मिनट से पीछे थे, लेकिन उन्होंने समय के दबाव के बावजूद सही चालें चलीं और मुकाबले को बराबरी पर ले आए। इस दौरान गुकेश ने अपने अतिरिक्त समय का उपयोग किया। 23वीं चाल में वे लिरेन से समय के मामले में पिछड़ गए। 24वीं चाल के बाद यह तय हो गया कि बाजी ड्रॉ रहेगी और अंत में ऐसा ही हुआ।

**आखिरी में पिछड़ने लगे थे गुकेश**

9वीं बाजी की 41वीं चाल के बाद लिरेन को फायदा मिला और डी गुकेश पिछड़ने लगे थे। थोड़े ब्रेक के बाद 54वीं चाल में चेस बोर्ड में राजा बनाम राजा की स्थिति बनी और दोनों खिलाड़ी ड्रॉ पर सहमत हो गए।

# जो बोल नहीं सकती, उसके हुनर की गूंज पूरे देश ने सुनी

**बरेली (उप्र), एजेंसी।** अगर दिल में हौसला है तो कोई भी बाधा आपको सफल होने से नहीं रोक सकती। बरेली की मूक-बधिर बेटी रिदम शर्मा ने ऐसा कर दिखाया है। उन्होंने मलयेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 10वीं एशियन पैसिफिक डेफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर नाम रोशन किया है। बरेली की मूक-बधिर बेटी भले ही बोल और सुन नहीं सकती, लेकिन आज उसकी सफलता की गूंज पूरे देश में है। पैरा एथलीट रिदम शर्मा ने एक दिसंबर से मलयेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में चल रही 10वीं एशियन पैसिफिक डेफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर नाम रोशन किया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को 400 मीटर मिक्स्ड रिले व 4×400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक हासिल जीते। शुक्रवार को 400 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया।




रिदम ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय ऑल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ डेफ के महासचिव सुरेश, डेफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी, कोच अजय कश्यप आदि को दिया है। दो माह बाद होने वाली वर्ल्ड डेफ एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भी उनका चयन हो चुका है। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर उनका चयन डेफलिंपिक्स के लिए भी हो सकता है।

### इन प्रतियोगिताओं में भी जीत चुकी हैं पदक

बड़ा बाजार निवासी रिदम (17) ने इससे पहले इंदौर में हुई 35वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 200 मीटर दौड़, 100 व 400 मीटर बाधा दौड़ में तीन पदक हासिल किए थे। बंगलूरू में आयोजित ट्रायल में शानदार प्रर्दशन के दम पर उनका चयन बीते साल ब्राजील में आयोजित वर्ल्ड डेफ एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ था, लेकिन कुछ समस्याओं के कारण वह इसमें प्रतिभाग नहीं कर सकी थीं।

माता-पिता के समझाने पर उन्होंने दोबारा अभ्यास शुरू किया और आज दुनिया के फलक पर छा गईं। उनकी मां पूनम शर्मा गृहिणी और पिता अनुकाम शर्मा प्राइवेट जॉब करते हैं। उन्होंने बताया कि बेटी को आगे बढ़ाने के लिए वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रिदम लिप रीडिंग तकनीक के सहारे लोगों की बात समझ लेती है। उसने 12 साल की उम्र में ही एथलेटिक्स में अपना भविष्य बनाने का फैसला कर लिया था। मूक-बधिर होने के कारण कोच प्रशिक्षण देने से पीछे हटे तो उन्होंने रेलवे स्टेडियम के कोच अजय कश्यप से संपर्क किया। कोच अजय ने प्रशिक्षण में मदद की और बेटी ने सफलता का शिखर छू लिया।

### पैरा एथलीट रिदम शर्मा को किया गया पुरस्कृत

डीएम रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आयोजित हक की बात, जिलाधिकारी के साथ और वीरांगना सम्मान समारोह में कई खिलाड़ियों, बालिकाओं व महिलाओं को पुरस्कृत किया। रिदम के मलयेशिया में होने की वजह से 20 हजार रुपये की धनराशि और प्रशस्तिपत्र उनके प्रतिनिधि को दिया गया।

# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हाई स्कूल कुंजवन में समापन



**पन्ना।** म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम शाला उन्नयन मद से शास. हाई स्कूल कुंजवन में जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर खेल प्रतियोगिताए कुंजवन आयोजित हुई। खो-खो, कबड्डी, बालीवॉल बालक बालिका वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग का आयोजन किया गया जिसका समापन एवं पुरस्कार वितरण 5/12/2024 को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि- वृजेन्द्र प्रतापसिंह (पूर्व कैबिनेट मंत्री म. प्र. शासन एवं विधायक, पन्ना अध्यक्ष वृजेन्द्र मिश्रा (जिलाध्यक्ष भा. ज. पा.) विशिष्ट अतिथिश्रीमति मीनाराजे परमार (अध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना) श्रीमति मीना पाण्डेय (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पन्ना) संतोष सिंह यादव (अध्यक्ष शिक्षा समिति जिला पंचायत पन्ना), कमल लालवानी (जिला मंत्री), श्रीमति कविता रैकवार (जिला मंत्री), श्रीमति माधवी कुशवाहा (पार्षद कुंजवन) पूर्व सरपंच नाराका साहा की (कुंजवन) गरिमामयी उपस्थिति में (माँ वाणी) मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर समापन समारोह का शुभारम्भ किया गया। छात्रा-छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं समूह नित्य प्रस्तुत किया जिसमें छात्र-छात्राओं श्रृष्टि यादव, सालकी यादव, बबली कुशवाहा, पाखी मिस्त्री, आरती कुशवाहा, सोनम कुशवाहा, लक्ष्मी साहू, आराधना हीरा, शीतला यादव, गरिमा गौड़ एवं राजनंदनी कुशवाहा ने सहभागिता दी। उपस्थित अतिथि एवं गणमान्य नागरिको ने कार्यक्रम की सराहना की अतिथि देवो भव: की परिकल्पना के आधार पर रविप्रकार खरे (जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना) एवं प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय भी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना, डी.पी.सी.) अजय गुप्ता, संकुल प्राचार्य श्रीमति भारती सरे, पी.एल साहू, संजय शर्मा, अम्बूज श्रीवास्तव, जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी रमाकांत खरे, शरद श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा, पुष्पराज सिंह परमार, महेन्द्र तिवारी का स्वागत संस्था के स्टाफ वयं की जनशिक्षको द्वारा किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में बनाई गई आकर्षक रंगोली का अवलोकन उपस्थित मुख्य अतिथि, एवं विशिष्ट अतिथियो द्वारा करते हुऐ भरपूर सराहना कि गई। रंगोली में विशेष योगदान छात्र/छात्राओ बबली कुशवाहा, पाखी मिस्त्री शीतला यादव प्रक्ति यादव शालिनी यादव साथी हलदार शिल्पा ठाकुर, दिया सेन आराधना हीरा, अजंली बसोर, आरती कुश. शिवाबजली प्रजापति, हलक्ष्मी अहिरवार का रहा। शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शास. हाईस्कूल कुंजवन का प्रतिबेदन बचन कीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा स्वागत भाषण में अतिथियों के हंसमुख स्वाभाव एवं कर्तव्य परायणता को देखते हुए छात्र। छात्राओ को उत्साहित होने का अवसर दिया। खेल की विध खेल की विधाओ वार अंतिम परिणाम रहे। निम्मांनुसार रहे। खो-खो बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मी बाई टीम विजेता रही उपविजेता टीम अवंतीबाई कटी बालक वर्ग में सुभाषचन्द्र बोस टीम-विजेता और स्वामी विवेकानंद टीम उपविजेता रही कवड्डी वालिका वर्ग में रानी दुगविती विजेता और देवी अहिल्या नाई उप विजेता रही। बालक वालीवॉल जूनियर में शास-मा-शा- नौर की टीम विजेता और हाई स्कूल कुंजवन की टीम पविजेता रही। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड वितरित किये गये। धात्राओं को प्रेरक उब्वोधन जिला पंचायत अध्यक्ष पला, मैं नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पन्ना, अध्यक्ष जिला शिक्षा समिति पन्ना एवं मुख्य अतिथि महोदय द्वारा दिये गये। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उध्दबोधन में कहा गया कि प्रतिभाये वास्तविक रूप से भीम ग्रामीण अंचल में पाई जाती है। उन्हें विकसित एवं तरासने का कार्य शिक्षको द्वारा किया जाता है। मुझे पूरा विश्वास है कि उक्त कार्य हमारे शिक्षक निष्ठा से कर रहे हैं। छात्र छात्राओ का भी यह दायित्व है कि अपनी माता पिता, गुरुजन को कमी न भूले साथ ही जिस संस्था से वे उन्नति की ओर अग्रसर हुये है इसके योगदान को सदैव याद रखें। ग्रामीण प्रतिभावान छात्र/छात्राओ को संस्था में आकर समय-समय पर अध्ययनरत छात्र/छात्राओ को प्रेरित करना चाहिए।

माननीय का कहना था खेलों से विद्यार्थी का सर्वाग्रीण विकास होता है। साथ ही शासन द्वारा समल राशि विभिन्न पदो मे नियुक्ति आवास जैसी सुविधाये प्रदान की जाती। कार्यक्रम में जनशिक्षक राकेश तिवारी, देव सिंह, संजय खरे जनशिक्षा केन्द्र अर्न्तगत शास. एवं प्राथ. माध्य. शालाओ के प्रधानाध्याप / शिक्षक के साथ-साथ आयोजक संस्था से प्रशांत गुप्ता, श्रीमति किरण रेले, श्रीमति प्रीति खरे, श्रीमति, संव शाकुंतला यादव श्रीमति साधना गुप्ता श्रीमति आरती चतुवेदी श्रीमति शौलजा खेरे (क्रीड़ा प्रभारी दिसुनील कुमार वर्मा, अमित प्यासी उलेसकीय छात्र उपस्थिति रही। साथ ही छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दिव्यांग छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में तथा जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में गुरूवार को दिव्यांग छात्रावास पन्ना में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह उपचार शिविर आयोजित किया गया।

इस मौके पर छात्रावास के समस्त 42 दिव्यांग बच्चों का जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक व मेडिकल टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार कर नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया। बच्चों को फल एवं बिस्किट भी वितरित किए गए। छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर भी लगाया गया। इसके माध्यम से दिव्यांग बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, दिव्यांगजनों से संबंधित अधिनियम के प्रावधानों, दिव्यांगों के अधिकार तथा अन्य समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते सहित डॉ. हिमांशु वर्मा, डॉ. शोभित तिवारी, जयदीप हटीला, राणाप्रताप सिंह, डीपीसी अजय गुप्ता, आशीष सोनी, देवशरण गर्ग, विकास पटेल, मिथलेश सेन, राजकुमारी मिश्रा एवं देवी सिंह बेलदार भी उपस्थित रहे।

# विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर हुआ कार्यक्रम

## केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में की सहभागिता



**पन्ना।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा गुरूवार को कृषि विभाग के जिला कार्यालय में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना के विद्यार्थियों सहित क्षेत्रीय कृषक भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को जमीन में रासायनिक उर्वरकों का सीमित मात्रा में उपयोग करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर मृदा संरक्षण कर उर्वरा शक्ति बढ़ाने के उपाए बताए गए। मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी अभय श्रीवास्तव द्वारा मृदा परीक्षण के संबंध में छात्रों और किसानों को आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। इसके अलावा कृषक एवं विद्यार्थियों द्वारा मृदा संरक्षण के संबंध में अपने विचार भी प्रस्तुत किए गए। केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने मृदा स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्नोत्तरी में ऑनलाइन सहभागिता कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के साथ सेल्फी भी ली। मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की प्रतिज्ञा भी ली गई। छात्र-छात्राओं ने स्वस्थ्य धरा तो खेत हरा अभियान के तहत मृदा संरक्षण और उसकी उर्वरा जीवंत बनाये रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में उप संचालक ए.पी. सुमन, सहायक संचालक जी.एल. अहिरवार एवं एन.पी. प्रजापति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तकनीकी सहायक जयचन्द्र लोधी द्वारा किया गया।

# कलेक्टर ने गीता महोत्सव आयोजन के संबंध में दिए निर्देश

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार आगामी 11 दिसम्बर को संपूर्ण प्रदेश के साथ पन्ना जिला मुख्यालय पर भी गीता जयंती उत्सव के रूप में मनाई जाएगी। इसके जरिए भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों और विभिन्न कलाओं के साथ व्यापकता के महत्व के बारे में जनसामान्य को अवगत कराया जाएगा। गीता जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री कृष्ण परम्परा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रदर्शनी आयोजन के साथ श्रीमदभागवत महापुराण, गौ एवं गोपाल आधारित चित्र प्रदर्शनी भी जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में लगाई जाएगी। कलेक्टर सुरेश कुमार ने गीता महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अशोक चतुर्वेदी को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया है।

## सामूहिक विवाह स्थल एस.डी.एम. ने किया निरीक्षण, समुचित सुविधाओ के दिए निर्देश

**पवई।** आगामी 9 दिसम्बर को आदिवासी बाहुल्य ग्राम कल्दा में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों एवं व्यवस्थाओ का जायजा लेने बुधवार को एस डी एम समीक्षा जैन ने कल्दा पहुंची भ्रमण के दौरान विवाह कार्यक्रम स्थल पानी प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाओ को समय से पूरा करने निर्देश दिए इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय,नायब तहसीलदार राजेन्द्र श्रीवास्तव,घुटेही सचिव रविन्द्र अहिरवार अनिल सक्सेना, बृजेश अहिरवार सरपंच शिवकुमार सेन,राम औतार सिंह होशियार सिह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राशन वितरण पर किसी भी प्रकार की कोताही पर होगी कठोर कार्यवाही: एसडीएम



**पवई।** नगरीय क्षेत्र पवई में संचालित प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत शुरू हुये वितरण को परखने के लिए एसडीम पवई समीक्षा जैन एवं नायब तहसीलदार राजेंद्र श्रीवास्तव ने नगर के वार्डों में संचालित सरकारी राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान एसडीएम ने राशन दुकानों पर स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जांच की एवं राशन की गुणवत्ता की जानकारी लेने के साथ ही सभी कार्ड धारकों को समय पर राशन वितरण करने की निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने कार्ड धारकों की सूची का अवलोकन किया तथा विक्रेता को निर्देश दिए गए की वह शत प्रतिशत कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा के अनुसार ही राशन वितरण सुनिश्चित करें निरीक्षण के दौरान एसडीएम समीक्षा जैन ने दुकानदारों को यह भी निर्देश दिए की सरकारी गल्ले की दुकान को समय पर खोला जाए किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी औचक निरीक्षण के दौरान दुकानों के रजिस्टर एवं स्टाक की जांच व डिजिटल रूप से राशन वितरण में आ रही समस्याओं के बारे में पूछा एवं राशन वितरण की व्यवस्था के साथ इनमें से कितने गत माह राशन ले गए एवं कितना राशन स्टॉक में रखा हुआ है यह सभी प्रकार की जानकारियां ली एसडीएम के निरीक्षण में राशन डीलरों में हड़कंप रहा।

# कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों के 488 अनुपयोगी एवं जीर्ण-शीर्ण शासकीय भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित किया

## नियमानुसार डिस्मेंटल कार्यवाही की मिली अनुमति

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने अनुपयोगी एवं जीर्ण-शीर्ण हालत के जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न विभागों के अधीन शासकीय भवन एवं संस्थाओं को निष्प्रयोज्य घोषित कर डिस्मेंटल किए जाने की अनुमति प्रदान की है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़, गुनौर, पन्ना, पवई और शाहनगर द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन में गिरने की प्रबल संभावना वाले ऐसे 488 चिन्हांकित शासकीय भवनों को कण्डम घोषित करने का अनुरोध किया गया था। इस आधार पर किसी भी संभावित दुर्घटना के दृष्टिगत कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं समस्त जनपद पंचायत सीईओ द्वारा संयुक्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा शासकीय भवनों की दीवारें और छत जीर्ण-शीर्ण हालत में होने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए जर्जर भवनों की ऑफसेट लागत प्रस्तुत की गई। जिला कलेक्टर द्वारा संयुक्त प्रतिवेदन पर सहमति प्रदान कर ऐसे चिन्हित शासकीय भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने की कार्यवाही की गई है। साथ ही ऐसे जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की अनुमति भी प्रदान की गई।

जनपद पंचायत अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत 83, जनपद पंचायत पन्ना में 96, जनपद पंचायत गुनौर में 55, जनपद पंचायत पवई में 130 तथा जनपद पंचायत शाहनगर में 124 जर्जर शासकीय भवनों को डिस्मेंटल किया जाएगा।

# संबल योजना अंतर्गत जिले के 147 हितग्राहियों को मिली 3 करोड़ 34 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राशि

**पन्ना।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना अंतर्गत बुधवार को हितग्राहियों के बैंक खातों में अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से प्रदेश के 10 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को 250 करोड़ की अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। पन्ना जिले के 147 लाभार्थियों को भी योजना का लाभ मिला है। जिले के विभिन्न स्थानीय निकायों के हितग्राहियों को कुल तीन करोड़ 34 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राशि वितरित की गई। इनमें जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत 32 प्रकरण में 70 लाख रूपए, शाहनगर के 25 प्रकरण में 56 लाख रूपए, गुनौर के 38 प्रकरण में 84 लाख रूपए, अजयगढ़ के 31 प्रकरण में 72 लाख रूपए तथा जनपद पंचायत पवई अंतर्गत 11 प्रकरण में 26 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई है। इसी तरह नगर पालिका परिषद पन्ना अंतर्गत 4 प्रकरण में 10 लाख रूपए, नगर परिषद देवेन्द्रनगर अंतर्गत 4 प्रकरण में 12 लाख रूपए तथा नगर परिषद अमानगंज एवं अजयगढ़ अंतर्गत एक-एक प्रकरण में दो-दो लाख रूपए का वितरण किया गया है। सामान्य मृत्यु पर मृतक के परिजन को दो लाख रूपए और दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में चार लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राशि वितरित की गई। योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का समस्त नगरीय निकाय और जनपद पंचायत स्तर पर सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, श्रम निरीक्षक भूपेन्द्र बंजारे तथा लाभार्थीगण मौजूद रहे। उपस्थितजनों ने लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा एवं सुना। अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया।

# समाज में महिलाओं और पुरूषों की भागीदारी पर किया संवाद

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 10 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम की श्रृंखला में आज शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय, शहरी परियोजना कार्यालय से अंजली गुप्ता सहित अन्य उपस्थितजनों ने चाइल्ड हेल्पलाइन, पॉस्को एक्ट, 181 हेल्पलाइन, साइबर क्राइम और समाज में महिलाओं एवं पुरूषों की भागीदारी पर जागरूकता संवाद किया। छात्र-छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी गई।

# 11 से 26 दिसम्बर तक मनाया जाएगा जन कल्याण पर्व

**पन्ना।** राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 11 से 26 दिसम्बर तक जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत महिला, किसान, युवा और गरीब कल्याण सहित विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मंत्रियों की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समितियां बनाई गई हैं। किसानों के लिए गठित समिति का अध्यक्ष किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना को, युवाओं से जुड़ी समिति का अध्यक्ष नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को, गरीब कल्याण से जुड़ी समिति का अध्यक्ष पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को और महिलाओं से जुड़ी समिति का अध्यक्ष महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया को बनाया गया है। संबंधित मंत्रीगण पूरे प्रदेश में कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विस्तृत रूपरेखा तैयार कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। 11 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।

## रमखिरिया में तीन दिवसीय आधार शिविर 9 दिसम्बर से

**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन रमखिरिया में आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक तीन दिवसीय आधार कैंप लगाया जाएगा।

# 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन




**पन्ना।** भारतीय स्टेट बैंक के बायपास रोड स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पन्ना में आयोजित 30 दिवसीय आवासीय इलेक्ट्रिक मोटर बाइंडिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबंधक शमा बानो द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में संस्था निदेशक अरविन्द कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम पर प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। संस्था में आगामी 12 दिसम्बर से 10 जनवरी तक 30 दिवसीय महिला सिलाई नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। प्रशिक्षण अवधि में स्वल्पाहार एवं भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी। पन्ना जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत एवं प्रशिक्षण की इच्छुक महिलाएं 11 दिसम्बर तक प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, बीपीएल अथवा जॉब या ई-श्रम कार्ड, न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण की अंकसूची, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य वांछित दस्तावेज संलग्न करना होंगे।

# शिविर के माध्यम से राजस्व प्रकरणों का किया जा रहा निराकरण



**पन्ना।** पन्ना जिले में राजस्व महाअभियान 3.0 अंतर्गत राजस्व प्रकरणों का निराकरण लगातार किया जा रहा है। गत 15 नवम्बर से प्रारंभ हुए महाअभियान में अब तक नामांतरण के 69 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसके अलावा बंटवारा के 59 प्रतिशत, अभिलेख सुधार के 80 प्रतिशत और सीमांकन के 50 प्रतिशत प्रकरण निराकृत किए गए हैं, जबकि परंपरागत रास्ता चिन्हांकन के दो, नक्शा तरमीम के 19 हजार 303 तथा आधार से खसरा लिंकिंग के 9 हजार 185 प्रकरणों का निराकरण हुआ। राजस्व महाअभियान में फॉर्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान और स्वामित्व योजना के प्रकरणों का निराकरण भी किया जा रहा है। राजस्व महाअभियान 3.0 आगामी 15 दिसंबर तक संचालित होगा।

# लोक सेवा केन्द्रों पर प्राधिकृत अधिकारियों को नियमित रूप से उपस्थिति के निर्देश



**पन्ना।** लोकसेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत विभिन्न विभागों की अधिसूचित सेवाओं में से चिन्हित सेवाओं का प्रदाय तत्काल सेवा प्रदाय व्यवस्थानुसार सुनिश्चित किया गया है। शासन के पूर्व निर्देशानुसार समाधान एक दिवस कार्यक्रम के तहत समस्त तहसील मुख्यालयों पर संचालित लोकसेवा केन्द्रों के माध्यम से नागरिक सेवाओं की सुलभ तरीके से प्रदायगी के उद्देश्य से प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। निर्धारित दिवसों पर संबंधित विभाग के अधिकारी को लोक सेवा केन्द्रों पर उपस्थित होकर प्राप्त आवेदनों का ऑनलाइन निराकरण डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से करने के निर्देश भी दिए गए थे, किन्तु प्राय: यह पाया गया कि लोक सेवा केन्द्रों पर निर्धारित दिवसों में अधिकृत अधिकारियों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा रही है, जिससे नागरिकों को वांछित सेवा का लाभ समय-सीमा में नहीं मिल पा रहा है।

जिला कलेक्टर द्वारा उक्त व्यवस्था अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के समयावधि में निराकरण के लिए तथा समय सीमा बाह्य आवेदनों की स्थिति पर रोकथाम के दृष्टिगत पुन: प्राधिकृत अधिकारियों को लोक सेवा केन्द्रों पर नियमित रूप से समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्थानांतरण की स्थिति में वांछित जानकारी जिला प्रबंधक लोक सेवा कार्यालय में उपस्थित होकर पोर्टल पर अपडेट कराने के लिए निर्देशित किया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 08 दिसम्बर 2024 | 8

**उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा के विस्तार भवन के निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि 170 वेड के विस्तार भवन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाना सुनिश्चित करायें।**



## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने हरियाणा से वर्चुअली टी.बी. मुक्त अभियान के तहत निक्षय शिविर का किया शुभारंभ

### विकसित भारत का संकल्प स्वस्थ्य भारत की संकल्पना से पूर्ण होगा : उप मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नर्मदापुरम से वर्चुअली कार्यक्रम में जुड़े**

**उप मुख्यमंत्री स्थानीय एनआईसी में कार्यक्रम में हुए शामिल**



**रीवा।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने हरियाणा के पंचकुला से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत आयोजित टी.बी. उन्मूलन अभियान के तहत 100 दिवसीय निक्षय शिविर का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नर्मदापुरम से वर्चुअली जुड़े। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एनआईसी रीवा में कार्यक्रम में शामिल हुए। भोपाल में कार्यक्रम का शुभारंभ लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवा जी पटेल ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प स्वस्थ्य भारत की संकल्पना से ही पूरा होगा। भारत सरकार द्वारा 7 दिसंबर से 25 मार्च तक आयोजित किये जा रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर का उद्देश्य है कि टी.बी. उन्मूलन के प्रयासों को गति दी जाय, टी.बी. की जांच, उपचार और जन जागरूकता को भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी हमेशा टी.बी. मुक्त भारत की बात करते हैं और उनका संकल्प है कि 2025 तक भारत टी.बी. मुक्त हो। इन 100 दिनों में जो जिस दायित्व का निर्वहन रहा है वह तथा हम सब मिलकर इसे प्रेरणादायक अभियान बनाएं ताकि जिले, संभाग, प्रदेश व देश से पूर्णतः टी.बी. का उन्मूलन हो जाय। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 84198 व्यक्तियों का टी.बी. का इलाज चल रहा है साथ 63 हजार फूड वास्केट उन्हें दिये जा रहे हैं। स्वंयसेवी संस्था या व्यक्ति 600 रूपये की फूड वास्केट में दिये जाने वाले सामग्री 2 किलो आटा, एक किलो मूंगफली, एक किलो गुड, भुना चना एक किलो तथा खाद्य तेल एक लीटर देकर निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मुक्त भारत अभियान में सहभागी बन सकता है। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा पूरी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ करके देश से पूर्णतः टी.बी. की बीमारी से निजात दिलाने में अपना योगदान दें। उन्होंने इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं व सेवकों से एक-एक मरीज की खोजकर उन्हें समुचित उपचार देकर टी.बी. से मुक्त करने में अपनी सहभागिता देने की अपील भी की ताकि सभी के प्रयास से हमारा प्रदेश इस अभियान में भारत को टी.बी. मुक्त बनाने में अग्रणी रहे।

कार्यक्रम के अंत में टी.बी. मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। उप मुख्यमंत्री ने जिले के टी.बी. मुक्त पंचायतों के सरपंचों को सम्मानित भी किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार, राजगोपाल मिश्र चारी, डॉ. आर.बी. चौधरी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. अनुराग शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राघवेन्द्र मिश्र मीडिया अधिकारी ऋषिराज गौतम सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री आज जन कल्याण पर्व के संबंध में करेंगे वीडियो कान्फ्रेंसिंग

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 दिसम्बर को प्रातः 10.15 बजे से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों को जन कल्याण पर्व के संबंध में निर्देश देंगे। जन कल्याण उत्सव प्रदेश के सभी जिले में 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मंत्री, सांसद, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण, कमिश्नर, कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी शामिल होंगे।

## कलेक्टर ने माध्यमिक शाला करहिया का किया निरीक्षण

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय माध्यमिक शाला करहिया का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पठन-पाठन व्यवस्था तथा मध्यान्ह भोजन के वितरण की जानकारी ली। निरीक्षण के समय शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित एसडीएम हुजूर वैशाली जैन को लापरवाह शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस देकर कार्यवाही के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने के शिविर का किया निरीक्षण

### हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाएं : कलेक्टर




**रीवा।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 तथा 8 दिसम्बर को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में आशा कार्यकर्ता, ग्राम रोजगार सहायक तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता 70 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ग्राम पंचायत भवन करहिया में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 70 साल से अधिक आयु के हर व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाएं। घर-घर जाकर 70 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों का चिन्हांकन करके ग्राम पंचायत भवन में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं। कलेक्टर ने शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आई बुजुर्ग महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि सभी अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। इस कार्ड से सभी अच्छे अस्पतालों में एक साल में 5 लाख रुपए तक की उपचार की सुविधा निःशुल्क मिलेगी। उपचार कराने के लिए किसी से सहायता मांगने की आवश्यकता नहीं होगी। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा आयुष्मान कार्ड बनाने वाली टीम उपस्थित रही।

## उप मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन रीवा सर्किट हाउस का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिये कि सभी शेष कार्य 11 दिसंबर तक पूरा किया जाना सुनिश्चित करायें। उन्होंने बताया कि आगामी 12 दिसंबर को महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा सर्किट हाउस का लोकार्पण प्रस्तावित है अतः सभी कार्य तय समय सीमा में पूरा करा लिये जांय। उल्लेखनीय है कि राजनिवास परिसर में नवीन सर्किट हाउस 2100 वर्ग मीटर में 6 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से निर्मित किया जा रहा है जिसमें 5 सुईट रूम तथा एक सामान्य रूम के साथ ही किचन, डायनिंग एरिया, लिफ्ट आदि का भी प्रावधान है। नवीन सर्किट हाउस के निर्माण में वास्तुकला को प्राथमिकता देते हुए ठहरने वाले अतिथियों की सुविधा के अनुरूप फर्निसिंग कार्य किया गया है। वाह्यय विकास कार्यों के साथ ही आकर्षक लान भी विकसित किया जा रहा है।

## आपदा प्रबंधन के लिये बनाई जाने वाली कार्ययोजना आदर्श भूमिका का निर्वहन करेगी : शुक्ल

### यूनीसेफ के तत्वाधान में कार्यशाला का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का रीवा से हुआ शुभारंभ**



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आपदा प्रबंधन के लिये बनाई जाने वाली कार्ययोजना आपदा के समय आदर्श भूमिका का निर्वहन करेगी। इस कार्यशाला के माध्यम से जिला एवं ब्लाक स्तर तक के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के बीच आपदा के समय समन्वय से कार्य करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उप मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के सहयोग से रीवा जिले में प्रदेश की प्रथम कार्यशाला का शुभारंभ किया। श्यामशाह मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आपदा के समय शासन, प्रशासन तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ ही स्वास्थ्य विभाग का आपस में समन्वय आवश्यक है ताकि जन एवं धन हानि को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ के माध्यम से आयोजित कार्यशाला में जो कार्य योजना बनेगी वह मानव जाति तथा शासकीय परिसम्पतियों के हित में एवं प्रशासन व समाज के साथ समन्वय बनाने में आदर्श भूमिका का निर्वहन करेगी। कार्यशाला से मिलने वाले परिणाम समन्वय आपदा प्रबंधन के लिये किये जाने वाले कार्यों में अहम भूमिका का निर्वहन करेगी एवं मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर यूनिसेफ के प्रतिनिधि तथा चिकित्सक उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार भवन के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा के विस्तार भवन के निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि 170 वेड के विस्तार भवन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाना सुनिश्चित करायें। श्री शुक्ल ने कार्य को गति देने के निर्देश दिये। इस दौरान निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने हनुमान जी की मूर्ति खंडित करने वाले आरोपियो को किया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा एवं एसडीओपी सिरमौर जिला रीवा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया निरी.श्रृंगेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में हमराह स्टाफ व्दारा हनुमान जी की मूर्ती खंडित करने वाले आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण में दिनांक 03.12.2024 को फरियादी श्रीकांत आदिवासी पिता श्री रामनाथ आदिवासी उम्र 36 साल वर्तमान सरपंच ग्राम पंचायत लैन बधरी थाना सेमरिया नें रिपोर्ट लेख कराया कि ग्राम पंचायत लैन बधरी अंतर्गत भगडा शासकीय आराजी क्रमांक 888/2/1/2 मे निर्मित चबूतरानुमा खुले स्थान पर पीपल के नीचे बिराजमान बजरंगबली की मूर्ती को किसी अज्ञात ब्यक्ति व्दारा पूर्णत: छतिग्रस्त कर धार्मिक भावनाओ को छति पहुचाने का प्रयास किया है, जिस पर थाना सेमरिया में प्रथम दृष्टया अज्ञात आरोपी को विरुद्ध धारा 298 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना पाए गये साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्तगण आकाश उर्फ सागर सिंह पिता रामनिवास सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी इन्द्रानगर थाना समान जिला रीवा, मनीष सिंह पिता महेन्द्र सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी बधरी थाना सेमरिया जिला रीवा के व्दारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आज दिनाँक 07.12.2024 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी में आकाश उर्फ सागर सिंह पिता रामनिवास सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी इन्द्रानगर थाना समान जिला रीवा। मनीष सिंह पिता महेन्द्र सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी बधरी थाना सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)

निरी.श्रृंगेश सिंह राजपूत, उप निरी.रामयश रावत. उप निरी.लंकेश वर्मा, सउनि. राम शिरोमणि सिंह बघेल, सउनि. रामकृष्ण गौतम, प्र.आर.970 हफीजुर्रहमान, प्र.आर.263 प्रमोद अग्निहोत्री, आर.756 कमलेश्वर त्रिपाठी, आर.173 प्रबल त्रिपाठी, आर.286 मनोज शुक्ला, आर.132 चन्द्रकमल पाण्डेय, आर.119 अरुणेश तिवारी, सैनिक 273 राजवेन्द्र पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिये मऊगंज जिले हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त, मानीटरिंग सेल में विभागीय अधिकारी शामिल

**रीवा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिये जिला पंचायत रीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही मानीटरिंग सेल में विभागीय अधिकारी शामिल किये गये हैं। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी/परियोजना अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, अधीक्षण यंत्री म.प्र. पूर्व ओ. वि.वि. कंपनी, सीएमएचओ, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी, प्रबंधक दूर संचार, उप संचालक कृषि, सहायक मत्स्य, उप संचालक पशुपालन, कार्यपालन यंत्री पर्यटन, प्राचार्य पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई तथा जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये मानीटरिंग सेल में शामिल किया है। कलेक्टर ने जिले के हनुमना विकासखण्ड के 142 तथा मऊगंज के दो ग्रामों सहित कुल 144 ग्रामों में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विभागीय योजनाओं की कार्ययोजना बनाकर हितग्राही मूलक/अधोसंरचना से संबंधित कार्य कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 दिसम्बर को

**रीवा।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 दिसम्बर को शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदनों की जिलेवार समीक्षा करेंगे। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में इस माह नगरीय निकाय, ऊर्जा विभाग, सहकारिता विभाग, जल संसाधन विभाग, पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग के एजेण्डा बिन्दुओं पर लंबित आवेदनों की समीक्षा की जाएगी।

## जहाँ से रेल नहीं चलती थी वहाँ अब हवाई जहाज उड़ान भर रहे हैं : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने रीवा की 7 उद्यम इकाईयों का किया शिलान्यास और लोकार्पण

**उप मुख्यमंत्री चोरहटा औद्योगिक क्षेत्र से समारोह में हुए शामिल**



**रीवा।** नर्मदापुरम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश भर के उद्यमों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से रीवा और सिंगरौली जिले में 199 करोड़ 43 लाख रुपए के निवेश के साथ उद्यमों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा में ग्राम छिजवार में पाली बैग उद्योग लगाने वाले राहुल द्विवेदी तथा मऊगंज में ब्राउन आइल का उद्यम लगाने वाले लालजी गुप्ता से संवाद किया और बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से प्रदेश में बड़ी संख्या में निवेश के प्रस्ताव मिल रहे हैं। रीवा और सागर जैसे जिलों में एक समय ऐसा भी था जब कोई भी उद्योगपति उद्यम लगाने के लिए सोचता ही नहीं था। रीवा में मेरी ससुराल है। ऐसा भी समय था जब सतना रेलवे स्टेशन से उतरकर रीवा जाना पड़ता था। रीवा में अब रेल, फोरलेन हाईवे, बाणसागर की नहरें सहित अधोसरंचना की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जहाँ से ट्रेन नहीं चलती थी वहाँ से अब रोज हवाई जहाज उड़ान भर रहे हैं। मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा देने वाला मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है। इस सुविधा का सबसे अधिक लाभ रीवा के मरीजों ने उठाया है। समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की विशेष पहल से आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से पूरे प्रदेश में एमएसएमई के क्षेत्र में क्रांति आ गई है। रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद पूरे विन्ध्य में उद्यमों की स्थापना के लिए सकारात्मक वातावरण बना है। कॉन्क्लेव ने कई अछूते क्षेत्रों के उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया है। सिंगरौली में 131 करोड़ रुपए की लागत से कोलवाशरी का आज शिलान्यास किया गया है। मऊगंज में ब्राउन आइल बनाने के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट शुरू हो गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार है। समारोह में सिंगरौली जिले में ग्राम पीडरताली में 131.43 करोड़ रुपए की लागत से कोलवाशरी निर्माण, उद्योग विहार रीवा में मेसर्स जनगुरू फूड इंडस्ट्री द्वारा चार करोड़ रुपए की लागत से आइसक्रीम प्लांट का शिलान्यास किया गया। समारोह में रीवा जिले में ही ग्राम छिजवार में एचडीपी बैग पॉलीबैग निर्माण इकाई लागत 35 करोड़ रुपए तथा मऊगंज जिले के पटेहरा में 8 करोड़ रुपए की लागत से राइस मिल निर्माण का शिलान्यास किया गया।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833